




# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



सुनालिया ज्वेलर्स

हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता

मो. 94255-32524,94241-43922

पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 35 अंक 325 | कोरबा, रविवार, दिनांक 25 अगस्त 2024 डाक 26 अगस्त 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**

नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर सभी जानवरों की आजादी और पशु अधिकारों की मांग को लेकर कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया



**देश-विदेश**

त्रिपुरा में बाढ़ से 15 हजार करोड़ रुपये का नुकसान, 1.28 लाख लोगों ने ली राहत शिविरों में शरण



**फीचर पेज**

सफाई के बाद भी बाथरूम से आती है गंदी बदबू, तो जरूर करें ये काम




# कांग्रेस में बढ़े सीएम पद के दावेदार, बड़े नेता कर रहे लॉबिंग, सैलजा बोलीं- ईच्छा रखना गलत बात नहीं

**चंडीगढ़, 25 अगस्त [एजेंसी]।**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी भले ही हरियाणा के कांग्रेस दिग्गजों को एकजुट होकर विधानसभा चुनाव में उतरने का पाठ पढ़ा चुके हैं, लेकिन उन्होंने अपने समर्थकों के बीच मुख्यमंत्री पद की दावेदारी तेज कर दी है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा तो राज्य में मुख्यमंत्री पद के प्रबल दावेदार हैं ही, साथ ही कांग्रेस महासचिव कुमारी सैलजा और रणदीप सुरजेवाला ने भी मुख्यमंत्री पद की लाबिंग बढ़ा दी है। हुड्डा, सैलजा और सुरजेवाला अलग-अलग राजनीतिक कार्यक्रम कर रहे हैं। इन कार्यक्रमों में कांग्रेस दिग्गजों के समर्थकों द्वारा उन्हें मुख्यमंत्री के



रूप में पेश किया जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि लोकसभा चुनाव के नतीजों का असर विधानसभा चुनाव पर पड़ने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है। कांग्रेस दिग्गज लोकसभा चुनाव के नतीजों से काफी उत्साहित हैं। लोकसभा चुनाव में सभी सीटों पर टिकटों का आवंटन पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा की पसंद से हुआ है। विधानसभा चुनाव के लिए 90 सीटों पर करीब 2500 कार्यकर्ताओं ने आवेदन किए हैं। कांग्रेस के सभी दिग्गजों को अधिकार दिया गया है कि वे अपनी पसंद का कोई भी नाम पैनल में जुड़वाने अथवा हटवाने के लिए पार्टी प्रभारी दीपक बाबरिया, प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान और स्क्रीनिंग कमेटी के चेयरमैन अजय माकन को दे सकते हैं। राज्य में दीपेंद्र सिंह हुड्डा हरियाणा मांगे हिसाब अभियान के तहत पदयात्राओं का एक दौर पूरा कर चुके हैं और जल्दी ही भूपेंद्र सिंह हुड्डा व चौधरी उदयभान की रथयात्रा आरंभ होने वाली है। मुख्यमंत्री पद के लिए भूपेंद्र हुड्डा की दावेदारी के बीच कुमारी सैलजा ने कहा कि वे राज्य की राजनीति में सक्रिय रहना चाहती हैं, क्योंकि राज्य में रहकर जनता के ज्यादा काम कराए जा सकते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री पद के लिए दावेदारी जताते हुए यहां तक कह दिया कि अंतिम फैसला भले ही हाईकमान करे, लेकिन मुख्यमंत्री बनने की इच्छा मन में रखना कोई गलत बात नहीं है। सैलजा की इस इच्छा को कांग्रेस में उनकी सीएम पद के लिए मजबूत दावेदारी के रूप में देखा जा रहा है। कांग्रेस महासचिव रणदीप सुरजेवाला भी बड़े कद के नेता हैं। कर्नाटक में उन्होंने कांग्रेस को जिताने का काम किया है। राज्य में फिर से सक्रिय हो चुके सुरजेवाला की ईच्छा भी मुख्यमंत्री बनने की है।

# 15 अगस्त को दिखा एक भारत श्रेष्ठ भारत का नजारा : पीएम मोदी



**नईदिल्ली, 25 अगस्त [एजेंसी]।**

पीएम मोदी आज देश की जनता से मन की बात कर रहे हैं। पीएम मोदी इस कार्यक्रम के जरिए देश के विकास पर चर्चा कर रहे हैं। पीएम ने कहा कि 23 अगस्त को चंद्रयान 3 की चांद पर सॉफ्ट लैंडिंग की उपलब्धि देश कभी नहीं भूल सकता है। पीएम ने कहा कि आज हम स्पेस सेक्टर के दिग्गजों के साथ बातचीत करेंगे। पीएम ने कहा कि हर बार की तरह हमने लोगों से 15 अगस्त को तिरंगा लहराने की अपील की थी। उन्होंने कहा कि इस अपील के चलते कश्मीर से अरुणाचल तक तिरंगा यात्रा निकली और इसने एक भारत श्रेष्ठ भारत का नजारा दिखाया। पीएम ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान में लोगों की काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिली और लोगों ने तिरंगे के साथ अपनी फोटो भी पोस्ट की। पीएम ने कहा कि इस साल मैंने लाल किले से बिना राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले एक लाख युवाओं को राजनीतिक सिस्टम से जोड़ने का आह्वान किया है। मेरी इस बात पर जबरदस्त प्रतिक्रिया हुई है। इससे पता चलता है कि कितनी बड़ी संख्या में हमारे युवा, राजनीति में आने को तैयार बैठे हैं। बस उन्हें सही मौके और सही मार्गदर्शन की तलाश है।

# तेंदुए के हमले से 2 बकरों की मौत, किसान परिवार दहशत में



**कांकेर।** कांकेर जिला मुख्यालय से लगे गोविंदपुर गांव में खूंखार तेंदुआ आ धमका है। देर रात तेंदुआ एक घर में घुसा और तीन बकरों पर हमला कर दिया है, जिससे दो बकरों की मौत हो गई है। वहीं एक बकरे को मारकर अपने साथ जंगल की ओर ले गया। इस घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। गोविंदपुर निवासी मनोज पाल के घर तेंदुए ने हमला किया है। तेंदुए ने दो छोटे बकरी के बच्चे को मार दिया और एक बकरा को जंगल उठा ले गया।

ग्रामीणों ने तेंदुए के हमले की सूचना वन विभाग को दी है, लेकिन वन विभाग की टीम मौके पर नहीं पहुंची है। ग्रामीणों ने बताया कि इससे पहले भी गोविंदपुर में तेंदुए ने मवेशियों को भी अपना शिकार बनाया है। इन दिनों गोविंदपुर में जंगली जानवरों का खतरा हो गया है।

# आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल की बढ़ी मुश्किलें संदीप घोष के घर समेत 14 ठिकानों पर सीबीआई की छापेमारी



**कोलकाता, 25 अगस्त [एजेंसी]।**

आरजी कर मेडिकल कालेज एवं अस्पताल के कई अधिकारितों के घर पर सीबीआई ने छापेमारी शुरू की है। रविवार सुबह सेंट्रल एजेंसी की अलग-अलग टीम उत्तर कोलकाता के केष्टोपुर, हावड़ा, एंटाली पहुंची है। आरजी कर के फोरेंसिक मेडिसिन विभाग के प्रमुख देबाशीष सोम का घर केष्टोपुर में है। एंटाली में अस्पताल के पूर्व अधीक्षक संजय वशिष्ठ रहते हैं। इसके अलावा हावड़ा में बिप्लब सिंह नामक शख्स के घर पर सीबीआई की छापेमारी चल रही है। यह छापेमारी आरजी कर अस्पताल के पूर्व अतिरिक्त अधीक्षक अख्तर अली द्वारा पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष और अन्य के खिलाफ वित्तीय अनियमितता की शिकायत के मामले में शुरू हुई है।

## आरजी कर अस्पताल के पास लागू निषेधाज्ञा की अवधि 31 अगस्त तक बढ़ी, पांच से अधिक लोगों के एकत्र होने पर प्रतिबंध

**कोलकाता 25 अगस्त।** कोलकाता पुलिस ने सरकारी आरजी कर मेडिकल कालेज एवं अस्पताल के निकट लागू निषेधाज्ञा की अवधि को एक और सप्ताह के लिए यानी 31 अगस्त तक बढ़ा दिया है। निषेधाज्ञा पहली बार 18 अगस्त को लागू की गई थी, जिसके तहत निर्दिष्ट क्षेत्र में पांच से अधिक लोगों के एकत्र होने पर प्रतिबंध है। कोलकाता पुलिस के आयुक्त विनीत गोयल ने शनिवार देर शाम एक बयान जारी कर कहा कि बेलगछिया रोड-जे के मित्रा क्रासिंग से लेकर उत्तर कोलकाता के श्यामबाजार 'फाइव- प्वाइंट क्रासिंग' के कुछ हिस्सों तक भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 (2) लागू की गई है।

# लड़कियों को हाथ लगाने वालों को नपुंसक बना दो बदलापुर यौन उत्पीड़न मामले पर भड़के अजित पवार



**मुंबई 25 अगस्त।** बदलापुर छेड़छाड़ मामले पर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने गुस्सा जाहिर किया है। एनसीपी प्रमुख ने कहा कि जो भी लड़कियों पर हाथ डालता है उसे नपुंसक बना देना चाहिए। उन्होंने कहा कि इन लोगों को कानून का ऐसा डर दिखाना चाहिए कि कोई भी फिर ऐसा काम करने का सोचे भी ना।अजित पवार यवतमाल में शिंदे सरकार की लाडकी बहिन योजना को लेकर आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे, तभी उन्होंने बदलापुर कांड पर अपना गुस्सा जाहिर किया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार महिलाओं के खिलाफ अपराध करने वाले किसी भी शख्स को छोड़ने वाली नहीं है। एनसीपी प्रमुख ने कहा कि ऐसे लोगों को नपुंसक बना देना चाहिए। अजित पवार ने आगे कहा कि मोदी सरकार ने ऐसे अपराधों के खिलाफ कठोर सजा वाले विधेयक को राष्ट्रपति मुर्मु के पास भेजा है, जिससे महिलाओं को न्याय मिलेगा।






# केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एनसीबी रायपुर ऑफिस का किया उदघाटन



**रायपुर।** रायपुर। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, रायपुर के आंचलिक कार्यालय का उदघाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा भी उपस्थित हैं। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो रायपुर का आंचलिक इकाई केंद्रीय सचिवालय भवन, तृतीय तल, डी-विंग, सेक्टर-24, नवा रायपुर अटल नगर में स्थित है। इसके बाद छत्तीसगढ़ में मादक पदार्थों के परिदृश्य पर समीक्षा बैठक शुरू हो गई है। कल केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद खत्म करने की बात कही है। छत्तीसगढ़ के रायपुर में शनिवार को वामपंथी उग्रवाद पर उन्होंने समीक्षा की। इसके बाद उन्होंने कहा कि, अब समय आ गया है कि वामपंथी उग्रवाद की समस्या पर एक मजबूत रणनीति के साथ रुथलेस रणनीति के साथ अंतिम प्रहार किया जाए। समीक्षा बैठक में 7 राज्यों अफसरों के साथ शाह ने करीब 4 घंटे तक बातचीत की। मीटिंग में अलग-अलग राज्यों के DGP, पैरा मिलिट्री फोर्स के चीफ और राज्य सरकार के सचिवों को बुलाया गया था।

## श्रद्धालुओं की कार खाई में गिरी, पंजाब के व्यक्ति की मौत

**डलहौजी, 25 अगस्त।**

मणिमहेश यात्रा पर जा रहे पंजाब के चार लोगों की कार चंबा-पठानकोट एनएच 154 ए पर बनीखेत के पास दोबाला पुल के पास अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हो गए। हादसे में मारे गए व्यक्ति की पहचान संदीप कुमार (40) पुत्र जयबीर सिंह, निवासी मकान नंबर-11393, नया सुभाष नगर, गली नंबर-6, बस्ती जोधवाल, लुधियाना के रूप में हुई है।

# दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया का पंजाब दौरा, गोल्डन टेंपल में होंगे नतमस्तक



**अमृतसर।** दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री और आप वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया शराब घोटाले में बेल मिलने के बाद आज पंजाब दौरे पर हैं। मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ सिसोदिया अमृतसर का दौरा भी करेंगे।

दिल्ली के पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान श्री हरिमंदिर साहिब और श्री दुर्ग्याणा तीर्थ में नतमस्तक होंगे। श्री गुरु रामदास जी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पहुंचने पर सीएम मान ने उनका स्वागत किया। मनीष सिसोदिया को 17 महीने जेल में रहने के बाद शराब घोटाले में बेल मिली थी। सिसोदिया ने स्थानीय नेता भी मुलाकात करेंगे।

# एकीकृत पेंशन योजना को छत्तीसगढ़ में तत्काल लागू करने की मांग

**रायपुर 25 अगस्त ।**

केन्द्र सरकार द्वारा घोषित 1अप्रैल 2025 से लागू होनेवाली एकीकृत पेंशन योजना का पूर्व कर्मचारी नेता,भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव ने इसे कर्मचारियों की भविष्य को आर्थिक सुरक्षा देने वाला निरूपित कर स्वागत किया है और छत्तीसगढ़ राज्य में भी इसे तुरंत लागू करने हेतु मुख्यमंत्री से आग्रह किया है। उन्होंने आगे अपनी प्रतिक्रिया देते हुए बताया है कि इस योजना के तहत 10 साल तक सरकारी नौकरी करने वाले को 10 हजार रुपये की पेंशन मिलेगी और 25 साल नौकरी करने वाले को पूरी पेंशन दी जाएगी। वहीं अगर किसी कर्मचारी की नौकरी के समय मौत हो जाती है तो उसकी पत्नी को 60 प्रतिशत पेंशन दी जाएगी। अगर किसी कर्मचारी ने 25 साल तक काम किया है तो रिटायरमेंट के पहले आखिरी 12 महीने के औसत वेतन का कम से कम 50 प्रतिशत पेंशन के रूप में मिलेगा. सभी एनपीएस वालों को यूपीएस में जाने का विकल्प मिलेगा।

## हिजबुल्लाह के ठिकानों पर दागी मिसाइलें रिहायशी इलाकों में मचा हड़कंप

**जेरूसलम।** इजरायल ने हिजबुल्लाह पर निशाना साधते हुए लेबनान में बड़ी एयर स्ट्राइक की है। इससे पहले लेबनान स्थित हिजबुल्लाह के ठिकानों पर इजरायल के 11 सैन्य ठिकानों पर रॉकेट दागे गए थे। रविवार सुबह इजरायल ने इसका जवाब दिया। इजरायल ने लेबनान में घुसकर बड़ी एयरस्ट्राइक को अंजाम दिया। जिन स्थानों पर हिजबुल्लाह ने रॉकेट दागे थे, वहां ड्रोन मिसाइलों से हमला किया गया। जानकारी के मुताबिक, ये मिसाइल घनी बस्ती वाले इलाकों में भी गिरी है। नीचे देखिए वीडियो इजरायल के इस पलटवार के बाद लेबनान में हड़कंप की स्थिति है। इजरायल में भी 48 घंटे की इमरजेंसी घोषित की गई है। ताजा हालात पर ईरान और अमेरिका की नजर है। इजरायल का आरोप है कि ईरान के इशारे पर हिजबुल्लाह के आतंकियों ने इन हमलों को अंजाम दिया है।


स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक

चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार

डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )

डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

# दूर हुआ पहाड़ी कोरवा दुखुराम का दुख, नौकरी से मिला जीवन का सुख



कोरबा । पहाड़ी कोरवा युवक दुखुराम की अब दिनचर्या ही बदल गई है। राज्य शासन से नौकरी मिलने के पश्चात एक नया सपना सजने लगा है। कुछ साल पहले रोजगार नहीं होने से पूरा दिन जंगलों में चार, तेंदू, महुआ आदि फल-फूल एकत्रित करने में समय गुजर जाता था। भूख मिटाने के लिए जद्दोजहद करनी पड़ती थी। ऐसे में एक सामान्य जनजीवन व्यतीत करना एक कल्पना ही थी। लेकिन यह कल्पना एक दिन हकीकत में बदल जायेगी यह पहाड़ी कोरवा दुखुराम ने भी नहीं सोचा था। राज्य शासन की पहल ने आज उसे इस मुकाम पर ला खड़ा किया है कि अब वह इतिहास में जाना नही चाहता। सरकारी नौकरी के बाद अपनी दुखों से दूर हुए पहाड़ी कोरवा दुखुराम अपना भविष्य सुधारने के साथ बच्चों का भविष्य बनाने की सोचने लगा है। नौकरी से न सिर्फ दुखुराम का जीवन बदला है, उनकी पत्नी सहित परिवार को भी जीवन का सुख मिलने लगा है।

वर्तमान में कोरबा विकासखंड के ग्राम पेण्ड्रीडीह में रहने वाला पहाड़ी कोरवा युवक दुखुराम को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सहायक शिक्षक के रूप में नौकरी प्रदान की गई है। वह कोरबा मुख्यालय के सुदूरवर्ती क्षेत्र श्यांग-अमलडीहा से लगे ग्राम आमाडांड के शासकीय प्राथमिक शाला में बच्चों को अध्यापन कराता है। प्रतिदिन ग्राम पेण्ड्रीडीह से अपने स्कूल आमाडांड की दूरी बाइक से तय करने वाले दुखुराम ने बताया कि वह समय पर स्कूल पहुंच जाता है। पेण्ड्रीडीह में उनके रिश्तेदार रहते हैं, इसलिए यहीं निवास करता है। उन्होंने बताया कि शुरूआत में नौकरी करना कठिन लगा क्योंकि उसे जंगल में रहने की आदत थी। लेकिन धीरे-धीरे आदत बदल गई और स्कूल माहौल में रहने से काम करने में झिझक भी मिटने लगी।

गौरतलब है कि राज्य शासन द्वारा आदिवासी विकास विभाग के माध्यम से समय-समय पर जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति परिवार के सदस्यों को उनकी योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरी से जोड़कर उनके जीवन स्तर को बदलने का कार्य किया जाता है। पहाड़ी कोरवा दुखुराम भी इन्हीं प्रयास का एक हिस्सा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर कलेक्टर अजीत वसंत ने कोरबा जिले में बड़ी संख्या में निवासरत पीवीटीजी के उत्थान की दिशा में 8 वीं से लेकर उच्च शिक्षा हासिल करने वाले पहाड़ी कोरवाओं को डीएमएफ के माध्यम से मानदेय के आधार पर स्कूल तथा अस्पताल में रोजगार देने का न सिर्फ पहल किया है बल्कि सभी का बेहतर भविष्य बनाने के साथ आने वाले पीढ़ियों को भी समाज के मुख्यधारा में जोड़ने की दिशा में कदम उठाया है। कोरबा जिले में डीएमएफ से विशेष पिछड़ी जनजाति परिवार के सदस्यों को नौकरी मिली है।

नौकरी से बदली लाइफ स्टाइल- शासकीय सेवा में आने के साथ ही कोरवा युवक दुखुराम का रहन-सहन में काफी परिवर्तन आ गया है। एक शिक्षक के रूप में पहनावा और स्कूली विद्यार्थियों के बीच उनके व्यवहार में परिवर्तन आया है। नौकरी के बाद प्रतिमाह समय पर वेतन मिल जाने से उसकी आर्थिक स्थिति भी सुधरने लगी है। दुखुराम ने बताया कि वेतन का कुछ रकम बचत करता है ताकि वह भी आने वाले समय में अपने बच्चों का भविष्य बना सके। दो साल पहले ही शादी के बंधन में बंधे दुखुराम ने बताया कि उसे भी मोटर साइकिल चलाने, मोबाइल का शौक था। नौकरी पाकर मोटर साइकिल और मोबाइल की शौक पूरी कर चुका है, अब जल्दी ही घर में टीवी सहित अन्य जरूरी सामान भी लेगा। उधर दुखुराम की पत्नी जून बाई का कहना है कि अब पति नौकरी करते हैं तो फिर आस-पास की महिलाओं के साथ महुआ, चार, तेंदूपत्ता के लिए जंगल जाना छूट गया है और उनकी भी कोशिश है कि जंगल की ओर जाने की बजाय बेहतर है कि एक नया जीवन जीकर आने वाली पीढ़ी को संवारने का काम किया जाएं।

## दुष्कर्मियों के खिलाफ हो कठोर कार्यवाही :ज्योत्सना महंत

### फास्ट ट्रेक कोर्ट के माध्यम से जल्द मिले सजा

कोरबा । कोरबा लोकसभा क्षेत्र सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत ने देश के विभिन्न प्रदेशों सहित छत्तीसगढ़ में नाबालिग बालिकाओं व महिलाओं के साथ हो रहे दुष्कर्म पर अपनी कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि महिलाओ और नाबालिक बच्चों से दुष्कर्म के मामले जब भी सुनने को मिलता है मन को विचलित कर देता है।

सांसद श्रीमती महंत ने आगे कहा कि दुष्कर्म का मामला चाहे बंगाल का हो या उत्तरप्रदेश का हो चाहे महाराष्ट्र की घटना हो कहीं का भी मामला हो, निन्दनीय है। इस तरह से दरिंदगी करने वालों के खिलाफ कठोर से कठोर कार्यवाही होनी चाहिये। सांसद ने कहा कि अब तो छत्तीसगढ़ के रायगढ़, कोरबा व अन्य जिलों में जिस तरह दुष्कर्म के मामले सामने आ रहे हैं वह समाज के लिए चिन्ता का विषय है। सांसद ने कोरबा में नाबालिग बालिका से हुए दुष्कर्म के मामले पर भी गहरी चिन्ता जताई है। सांसद ने कहा कि दुष्कर्म के मामलों को फास्ट ट्रेक कोर्ट के माध्यम से सुना जाना चाहिए ताकि दोषियों को जल्द से जल्द सजा दी जा सके।

## कांग्रेस पदधिकारियों पर एफआरआर दर्ज किये जाने के विरोध में कांग्रेस जनों ने दिया धरना



कोरबा। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार कोरबा जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में आज एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल ने बताया कि राज्य की भाजपा सरकार राजनैतिक द्वेष रखते हुए कांग्रेस पदाधिकारियों पर बेवजह विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार करवाया गया जिसके विरोध में आज टी पी नगर चौक कोरबा में कांग्रेसजनों के साथ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। आयोजित कार्यक्रम के जिला प्रभारी कोरबा सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को बेवजह परेशान किया जा रहा है। प्रदेश की भाजपा सरकार न्याय संगत कार्यवाही करने के बजाय अलोकतांत्रिक तरीके से कार्यवाही करवा रही है।

पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर ने कहा कि इस प्रकार के अनैतिक कार्यवाही से कांग्रेसजन डरने वाले नहीं है बल्कि कांग्रेस के कार्यकर्ता और भी मजबूती से जनता की आवाज उठायेंगे।जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सभापति श्याम सुंदर सोनी ने कहा कि बलौदाबाजार कलेक्ट्रेट में हुए हिंसा मामले में कौन दोषी है। इस पर अनेको सवाल उठ रहे है। छ0ग0 प्रदेश के अलावा अन्य प्रदेशों से आये लोग कौन थे। सरकार ने उन पर नजर क्यों नहीं रखा। वही लोगों को कलेक्ट्रेट तक क्यों जाने दिया गया।जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष हरीश परसाई ने प्रदेश में जब से भाजपा की सरकार स्थापित हुई है तभी से चुन चुन कर कांग्रेस पदाधिकारियों को, निर्वाचित जनप्रतिनिधियों पर पूर्व मुख्यमंत्री आदि को परेशान करने का कार्य कर रही है। कांग्रेसजनों को चिन्हांकित कर उनको जेलों में डाला जा रहा हैं जबकि हम कांग्रेस जन सरकार के इस आताताई चरित्र से डरने वाले नही है।इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष संतोष राठौर, दुष्यंत शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेश सहगल, नारायण लाल कुर्रे, रवि खुंटे, मनबोध दास महंत, भगवती गोस्वाती, तुलेश गोस्वामी, संतोष सूर्या, एकारेन्द्र कुमार मार्या, वीरेन्द्र चंदन, पंचराम रात्रे, निरंजन श्रीवास, प्रभात सोनवानी, प्रदीप बन्दे, मनमोहन राठौर, जयकिशन, प्रवीण ओगरे, इब्राहिम फारूकी, लाजेश्वर गबेल, आशिष गुप्ता, आरिफ खान, अनवर रजा, शहनाज खान, साहिल राठौर, सागा केंवट, पूजा महंत, सावित्रि चौहान, गीता बड़ा, टीकाराम मनहर, फिरोज अनंत, गजानंद प्रसाद साहू, प्रेमलाल साहू, गणेशं दास महंत, रामशरण सिंह कंवर, नीलिका लखन लहरे, लक्ष्मी सत्या कंवर आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## श्रीराधा कृष्ण मंदिर सेवा समिति हाउसिंग बोर्ड बालको में होंगे कार्यक्रम आयोजित

कोरबा । कोरबा जिले के बालको नगर क्षेत्र में स्थित शांति नगर हाउसिंग बोर्ड बालको वार्ड 35 में स्थापित श्रीराधा कृष्ण मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर सुबह से पूजा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, भजन एवं लड्डू गोपाल को झूला झुलाने का आयोजन दिनांक 26 अगस्त को किया गया है।

## डीएव्ही स्कूल में मनाया गया कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व

कोरबा। डी ए व्ही पब्लिक स्कूल एस ई सी एल कोरबा में प्री प्राइमरी के बच्चों के द्वारा कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती अनामिका भारती तथा उपस्थित वरिष्ठ शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा बालकृष्ण और राधा के रूप धरे नन्हें मुन्ने बच्चों की आरती पूजन और मंत्रोच्चार के साथ हुआ। इसके पश्चात कक्षा एल के जी के नन्हें मुन्ने बच्चों ने राधा और मोहन के रूप धारण करके 'रैंप वॉक' किया जो अत्यंत ही मनोहारी प्रस्तुति रही । कक्षा पहली 'अ' दूसरी 'अ' की विद्यार्थियों ने कृष्णा और राधा पर आधारित नृत्य 'मैय्या यशोदा' और 'कान्हा सो जा ज़रा ' की रंगारंग प्रस्तुति दी, जिसकी सभी दर्शकों ने जमकर सराहना की । इसके पश्चात कक्षा दूसरी 'ब' की विद्यार्थियों ने सुदामा और कृष्ण प्रेम को एक नृत्य नाटिका के माध्यम से प्रस्तुत किया जो अत्यंत ह्रदय स्पर्शीय प्रस्तुति रही जिसने उपस्थित दर्शकों को द्रवित कर दिया । इसी कड़ी में पहली 'ब' की छात्र-छात्राओं ने कृष्ण भक्ति गीत 'हे कृष्ण! गोविंद हरे मुरारी' की शानदार प्रस्तुति दी।जिसे सुनकर सभी ने करतल ध्वनि से उन बच्चों का स्वागत किया। कार्यक्रम का अत्यंत रोमांचित क्षण वह आया जब ग्वाल-बाल का भेष धरे बच्चों ने माखन और मिश्री से भरी मटकी को फोड़ने का प्रयास किया । मटकी फोड़ के समय दर्शकों का उत्साह चरम पर था । डीएवी कोरबा का प्रांगण ' जय कन्हैया लाल की , हाथी घोड़ा पालकी ' के उद्घोष से गूंज उठा । कार्यक्रम के अंत में बच्चों की प्रस्तुतियों की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए विद्यालय की प्राचार्या महोदया द्वारा सभी उपस्थित जनों को जन्माष्टमी पर्व की शुभकामनाएं प्रेषित की गई । इस रंगारंग और भव्य कार्यक्रम के आयोजन में विद्यालय के समस्त शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक सदस्यों का अमूल्य योगदान रहा ।

# रेलवे क्रॉसिंग पर जल्द बनेगा वाईसेफ अडर ब्रीज, मिली प्रशासकीय स्वीकृति

कोरबा शहर में प्रवेश के साथ ही रेलवे स्टेशन आने-जाने वाले सुनालिया नहर पुल मुख्य मार्ग में रेल्वे क्रॉसिंग बंद होने की वजह से नहर पुल पर वाहनों के जाम में फंसने वाले आम लोगों को जल्दी ही राहत के साथ आराम मिलने की उम्मीद हैं। आम लोगों को फाटक बंद होने से इस मार्ग पर आवागमन में जो परेशानी उठानी पड़ती है, वह आने वाले समय में दूर हो जाएगी।

कोरबा विधायक और छत्तीसगढ़ शासन के उद्योग, वाणिज्य एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन की पहल, अनुशंसा और कलेक्टर अजीत वसंत के प्रयासों से इस सुनालिया रेलवे क्रॉसिंग पर शीघ्र ही वाई शेप अंडरपास का निर्माण होने वाला है। कलेक्टर द्वारा अंडरपास निर्माण के लिए 30 करोड़ 97 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। जल्द ही तकनीकी स्वीकृति उपरांत अंडरपास निर्माण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा। जिला प्रशासन की इस पहल से शहरवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी होने वाली है और उन्हें बेहतर आवागमन उपलब्ध होने वाला है।

औद्योगिक नगरी वाले जिले के रूप में पहचान रखने वाले कोरबा जिले के ह्रदय स्थल पॉवर हाउस मुख्य मार्ग तथा सुनालिया नहर पुल मार्ग से शहरवासी नियमित आवागमन करते हैं। शहर से रेल्वे स्टेशन की ओर जाने और रेल्वे स्टेशन से शहर की ओर आने के लिए सुनालिया रेल्वे क्रॉसिंग का मार्ग महत्वपूर्ण स्थान है। विगत समय से सुनालिया नहर पुल वाले मुख्यमार्ग पर यातायात का दबाव भी तेजी से बढ़ रहा है। मुख्य मार्ग पर यातायात का दबाव बढ़ने से नहर पुल पर आये दिन ट्रैफिक जाम की स्थिति भी निर्मित होती है।

यह समस्या और भी विकराल हो जाती है, जब कोई उत्सव का माहौल हो तथा रेलवे फाटक बंद हों। रेलवे फाटक के बंद होने व खुलने के दौरान दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती है। शहर की इस बड़ी समस्या को संज्ञान में लेकर कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा जिले के एसपी तथा अन्य अधिकारियों के साथ जिले में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने सुनालिया मार्ग सहित अन्य महत्वपूर्ण मार्गों का अवलोकन भी किया गया था।

इस दौरान कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग (सेतु) के अधिकारियों को सुनालिया रेलवे क्रॉसिंग में अंडरपास निर्माण के लिए स्टीमेट बनाने के निर्देश दिए थे। आखिरकार कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन की अनुशंसा पर जिला खनिज न्यास मद से लगभग 30 करोड़ 97 लाख रूपए की लागत से अंडरपास निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।

सुनालिया नहर पुल रेल्वे क्रॉसिंग मार्ग में बनने वाले अंडरपास का निर्माण पीडब्ल्यूडी (सेतु) की देखरेख में राइट्स (रेलवे) द्वारा किया जाएगा। इस अंडरपास की लागत 30 करोड़ 96 लाख 89 हजार रूपए आएगी। अंडरपास की कुल लंबाई 490.50 मीटर तथा चौड़ाई 8.5 मीटर होगी। अंडरपास में रेलवे लाइन के नीचे 25 मीटर का बॉक्स होगा। सुनालिया चौक तरफ की लंबाई 188.50 मीटर और रेलवे स्टेशन की तरफ 138.50 तथा पुरानी बस्ती (कोतवाली) की ओर लंबाई 138.50 मीटर होगी।

अंडरपास का निर्माण आधुनिक तकनीकों के आधार पर किया जाएगा। अंडरपास में आवागमन के दौरान आने-जाने वालों को परेशानी न हो इसका भी ध्यान रखा गया है। बारिश तथा धूप से बचाव के लिए अंडरपास में शेड का निर्माण किया जाएगा। अंडर पास में पर्याप्त रोशनी हेतु लाइट की व्यवस्था होगी। इसी तरह पानी निकासी तथा साफ-सफाई के लिए भी आवश्यक व्यवस्था की जाएगी।अंचल के सुनालिया नहर पुल रेलवे क्रॉसिंग मार्ग पर बनाए जाने वाले अंडरपास की लागत राशि 30 करोड़ 96 लाख 89 हजार आंकी गई है। इस राशि का वहन रेलवे और जिला खनिज न्यास मद से आधा-आधा किया जाएगा। अंडरपास बनने के पश्चात् रेलवे फाटक बंद कर दिए

कोरबा। आई-स्पोर्ट्स बैडमिंटन एरिना, मोवा में शुक्रवार को छत्तीसगढ़ बैडमिंटन संघ की विशेष आमसभा का आयोजन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से विक्रम सिंह सिसोदिया को छत्तीसगढ़ बैडमिंटन संघ का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। उल्लेखनीय होगा कि छत्तीसगढ़ बैडमिंटन संघ के वर्तमान अध्यक्ष अपरिहार्य कारणों से उक्त पद पर अपनी सेवाएं देने में असमर्थ हैं। श्री सिसोदिया छत्तीसगढ़ बैडमिंटन संघ के आगामी चुनाव होने तक बचे हुए समय के लिए अध्यक्ष के रूप में कार्य करेंगे। इस महत्वपूर्ण अवसर पर कोरबा जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए कोरबा जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष अशोक शर्मा, सचिव गोपाल शर्मा एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ शिरीन लाखे ने मौजूदगी दर्ज कराई। कोरबा जिला बैडमिंटन संघ की ओर से नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री सिसोदिया को शुभकामनाएं प्रेषित की गई और उनका अभिनंदन करते हुए कोरबा आगमन के लिए आग्रह किया गया।

## युवा कांग्रेसियों ने सब एरिया मैनेजर को सौंपा ज्ञापन

कोरबा। युवा कांग्रेस ज़िला कोरबा द्वारा युवा कांग्रेस महासचिव मधुसूदन दास के नेतृत्व एव वरिष्ठ कांग्रेसी परमानंद सिंह, पार्षद अजय प्रसाद, ष्ष्ष्ट महामंत्री संजय आज़ाद के मार्गदर्शन में बाँकी मोंगरा कालोनी क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं के निराकरण को लेकर एसईसीएल महाप्रबंधक कोरबा एरिया को ज्ञापन सौपा और जल्द से जल्द समस्याओ का समाधान न होने की दशा में उग्र आंदोलन एव कोल परिवहन रोकने की चेतावनी भी दी गईइस अवसर पर युवा कांग्रेस महासचिव मधुसूदन दास, पार्षद पवन गुप्ता, साहिद कुजूर, महासचिव, स्ष्ट कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष मोहन लदेर,छतराम जांगड़े, प्रदेश सचिव अमरूदास महंत, एनएसयूआई ज़िलाध्यक्ष दीपक वर्मा, ज़िला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष रूशब्बीर ख़ान ने संयुक्त रूप से कहा की - बाँकी मोंगरा क्षेत्र आपके आश्रित क्षेत्र में आता है पूर्व में जब खदान का संचालन था तब तक यह व्यवस्था दूरस्थ थी जबसे 4नंबर खदान बंद हुआ है समस्याओं का अंबार लग गया है जिसका निराकरण आपके द्वारा पूर्णत: बंद कर दिया गया है समस्याएँ निम्न है बाँकी मोंगरा क्षेत्र के बाँकी कालोनी,जंगल साइड, शांतिनगर, बनवारी साइड, गजरा कालोनी, कटाईनार, घुड़देवा में रहवासी एरिया की सड़को की स्थिति अत्यंत जर्जर है जल्द से जल्द रिपेयरिंग करवाया जाये.बाँकी क्षेत्र में संचालित स्ष्वष्टरु हॉस्पिटल में प्रशिक्षित नर्स,स्टाफ़, डाक्टरों की पदस्थापना किया जाये एव संचालन उचित तरीक़े से किए जायेज्!संपूर्ण कालोनी क्षेत्र की सफ़ाई व्यवस्था अत्यंत गंभीर है वर्तमान में डेंगू ,मलेरिया संबंधित बीमारी फेल रहा है सफ़ाई न होने के कारण अत्यंत परेशानी हो रही है

सफ़ाई व्यवस्था को दूरस्थ किया जाये पंखादफ़ाई बाँकी मोंगरा बायपास में स्ट्रीट लाइट जल्द से जल्द लगवाया जायेबाँकी मोंगरा ढेलवाडीह मार्ग की स्थिति अत्यंत जर्जर है जल्द से जल्द मरम्मत करवाया जायेपत्र सौप कर क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं को जल्द से जल्द निराकरण करने अन्यथा आंदोलन एव कोल वाहनो का परिवहन रोकने का अहवान किया गया जिसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी इस अवसर पर ज़िला सचिव समीम अंसारी, आशीष अग्रवाल ब्लॉक अध्यक्ष इस्माइल भाई एनएसयूआई ब्लॉक अध्यक्ष प्रमोद काकरे, गणेश, सोनू जोशी, मनजीत सिंह और अनेक युवा कांग्रेसी उपस्थित थे

### एनएचएम परीक्षा के परिणाम जारी

कोरबा । राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत विभिन्न पदों पर की जा रही संविदा भर्ती के लिए कोरबा जिले में लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। शासकीय पीजी कॉलेज कोरबा में स्टाफ, नर्स, एएनएम, एमपीडब्ल्यू, नर्सिंग ऑफिसर के पदों की परीक्षा आयोजित की गई। जिसमें प्रथम पाली में 83 उपस्थित, 31 अनुपस्थित, द्वितीय पाली में 72 उपस्थित और 58 अनुपस्थित रहे।

### ईई सक्सेना समेत 12 विद्युतकर्मियों को राज्य स्तरीय पुरस्कार

कोरबा । छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए 12 विद्युत कर्मियों को चेयरमेन पी. दयानंद ने पुरस्कृत किया। इसमें आंधी-बारिश और रात के अंधेरे में जान जोखिम में डालकर बिजली बहाल करने वाले विद्युतकर्मी है तो अपने सूझबूझ से जनरेशन प्लांट में पानी बचाने वाले कर्मी भी शामिल हैं। उन्हें श्री दयानंद ने नगद पुरस्कार के साथ पदक व प्रशस्ति-पत्र भी प्रदान किया।मुख्यालय में आयोजित अलंकरण समारोह में जनरेशन कंपनी के जैनेन्द्र कुमार गायकवाड, अधीक्षण अभियंता को तृतीय स्लरी लाइन के निर्माण के फलस्वरूप 5.17 लाख मीट्रिक टन वेट ऐश का निस्तारण एवं 25.93 लाख लीटर पानी को रिकवर करके खपत में अभूतपूर्व कमी के लिए पुरस्कृत किया गया। आलोक रत्न सक्सेना, कार्यपालन अभियंता को विद्युत गृह में इकाई क्रमांक-2 के पैनल चार्ज कर यूनिट 2 की संभावित ट्रीपिंग को बचाने के उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। ट्रांसमिशन कंपनी के प्रवीण कुमार शुक्ला, सहायक अभियंता (भिलाई) व्दारा 220 केवी. उपकेन्द्र बेमेतरा एवं राजनांदगांव में तथा 132 केवी. उपकेन्द्र धमतरी के स्थापना परीक्षण एवं ऊर्जीकरण करने के लिए उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कृत किया गया।

# युक्तियुक्तकरण के विरोध में शिक्षकों ने सौंपा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

कोरबा। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ प्रांतीय इकाई के निर्देशानुसार शालाओं और शिक्षकों का राज्यव्यापी युक्तिकरण 2024 के विरोध में जिला अध्यक्ष मानसिंह राठिया के नेतृत्व में माननीय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन ,सचिव स्कूल शिक्षा विभाग ,संचालक लोक शिक्षण संचनालय के नाम कलेक्टर के माध्यम से अतिरिक्त कलेक्टर अनुपम तिवारी को ज्ञापन सौंपा गया ।ज्ञापन के संबंध में जानकारी देते हुए अध्यक्ष मानसिंह राठिया ने बताया कि एक ही परिसर में संचालित शालाओं का युक्तियुक्तकरण के अंतर्गत पृथक - पृथक विभाग ई और टी संवर्ग होने की स्थिति में किस कैडर की शाला बंद होगी स्पष्ट नहीं है। अतिशेष शिक्षकों के चिन्हांकन हेतु सेटअप 2008 में प्राथमिक शाला के लिए 1 प्रधान पाठक 2 सहायक शिक्षक ,माध्यमिक शाला के लिए स्वीकृत विभागीय सेटअप 1 प्रधान पाठक 4 शिक्षक पद रखे जाने का निर्देश है शासन ने सेटअप 2008 को नियमानुसार संशोधित किए बगैर लाया गया संशोधित प्रावधान नियम के विरुद्ध है ।पूर्व माध्यमिक शाला के लिए विषय वार शिक्षकों की पद स्थापना क्रम दर्शाई गई है जबकि राज्य स्तरीय शिक्षक भर्ती 2023 में विज्ञापित शिक्षक पदों पर विषय बंधन नहीं रखा गया था और पदोन्नति 2019 में वांछित संशोधन अधिसूचना जारी करा ली गई जो कि आरटीई के प्रावधान का खुला उल्लंघन है ऐसे शिक्षकों को किस विषय के तहत और किस प्रकार गणना में लिया जाएगा।

मानसिंह राठिया ने आगे बताया कि आरटीई 2009 में किसी भी शालेय शिक्षक को गैर शिक्षकीय कार्य में न रखे जाने का भी उल्लेख है, किंतु विभाग के 2000 से अधिक व्याख्याता ,प्रधान पाठक और शिक्षक पात्रता न होते हुए भी मूल पदस्थ शालाओं से पृथक डीएमसी, एडीपीओ, प्रभारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी ,प्रभारी सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी , प्रभारी मंडल संयोजक, प्रभारी छात्रावास अधीक्षक सहित अनेक विभागों में गैर शैक्षणिक कार्यों में वर्षों से पदस्थ है उनके मूल शालाओं में वापसी पश्चात ही अतिशेष शिक्षकों की युक्तिकरण किया जाना उचित होगा ।

उक्त ज्ञापन सौंपने में जिलाध्यक्ष मानसिंह राठिया, संभागीय उपाध्यक्ष तरुण सिंह राठौर ,राधारमण श्रीवास, संभागीय संगठन मंत्री शंकर दयाल साव, हबेलसिंह अघरिया, दया शंकर साहू ,डी डी साहू , गुलाब दास महंत , आर डी श्रीवास , राजेश तिवारी, एफ एल साहू, विनोद जायसवाल ,चंद्र कुमार चंद्रा , सुभाषचन्द्र डड़सेना,गोरेलाल साहू, रामनारायण राजवाड़े, आत्माराम खुंटे ,अरुण कुमार बघेल, अमरेंद्र प्रताप सिंह, यज्ञ कुमार डिक्सेना, राजू पुरी गोस्वामी ,राधेश्याम पटेल, विनय सिंह के साथ आदि पदाधिकारी व शिक्षक साथी उपस्थित थे।

## कांटाघर लूटकांड का फरार एक और आरोपी गिरफ्तार

कोरबा। सुराकछार मेन माइंस एसईसीएल रोड कांटाघर नंबर 3 के सुरक्षा गार्ड की मिलीभगत से लूट को अंजाम दिया गया था। मामले में मास्टरमाइंड गार्ड सहित अन्य आरोपियों को पकड़ा गया था। मामले में एक आरोपी फरार था। जिसे भी पुलिस ने दबोच लिया है। मामले में प्रकाश बंजारे उर्फ राहुल बंजारे उर्फ करी पिता स्व श्याम रतन बंजारे उम्र 23 वर्ष, निवासी प्रेमनगर गायत्री मंदिर पुलिया के पास, थाना कुसमुंडा फरार था। जिसे पकड़ा गया है। हफ्ते भर पहले एसईसीएल सुराकछार खदान के कांटाघर नंबर-3 में हुई लूट के मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इसमें सिक्यूरिटी गार्ड पुरेन्द्र मन्नेवार भी शामिल था। पुलिस ने पुरेन्द्र को घटना का मास्टर माइंड बताया है। उस पर आरोप लगाया है कि पुरेन्द्र ने इस लूट की साजिश चोर गिरोह के साथ मिलकर रची थी। 12-13 अगस्त की रात लगभग ढाई बजे सुराकछार खदान के कांटाघर नंबर-3 में सुरक्षा गार्ड पुरेन्द्र कुमार मन्नेवार उम्र 30 वर्ष को बंधक बनाकर कांटाघर से बैटरी, कम्प्यूटर सिस्टम, सीसीटीवी, एमवीआर आदि लूटकर ले जाने की घटना हुई थी। मामले में मन्नेवार की रिपोर्ट पर पुलिस ने लुटेरों के खिलाफ खदान में घुसकर सिक्यूरिटी गार्ड से मारपीट और बंधक बनाकर सामान को लूटने का केस दर्ज किया था। रिपोर्ट में मन्नेवार ने बताया था कि लुटेरों का गिरोह उसकी मोबाइल भी लूटकर ले गया है। पुलिस इसकी जांच कर रही थी। छानबीन के बाद पुलिस ने अश्वनी केवर्त से पुरेन्द्र की मोबाइल को बरामद किया। इसके संबंध में पूछताछ की तो उसने कांटाघर में हुई लूट की घटना को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। पूछताछ में उसने कई और लोगों का नाम बताया जो अश्वनी और उसके गिरोह के लिए काम कर रहे थे।

# कांग्रेसियों पर सरकार बदले की कार्रवाई कर रही-शिव डहरिया



**जांजगीर चांपा ।** बलौदा बाजार प्रकरण में राजनीतिक दुर्भावना वश भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के निर्वाचित विधायक देवेंद्र यादव सहित युवक कांग्रेस एवं एनएसयूआई के जिला अध्यक्षों व कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर विभिन्न धाराओं पर एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार किए जाने के विरोध में 24 अगस्त को कचहरी चौक में धरना प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन में प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त प्रभारी डॉ. शिव कुमार डहरिया पूर्व मंत्री ने कहा कि बलौदा बाजार की घटना से छत्तीसगढ़ की भाजपा के साय सरकार की नाकामी उजागर हुई है। प्रभारी डॉ डहरिया ने भाजपा सरकार पर सीधे आरोप लगाते हुए कहा कि बलौदा बाजार की घटना प्रदेश की भाजपा सरकार अपने नाकामियों को छिपाने के लिए स्वयं ही अपने कार्यकर्ताओं से करवाई है जो अच्छम्य अपराध है।

विपक्ष के कांग्रेस नेताओं को परेशान कर रही है। कांग्रेस के विधायक देवेंद यादव की गिरफ्तारी भाजपा की बौखलाहट को दर्शाता है। यह कांग्रेस पार्टी को बदनाम करने की साजिश है। भाजपा सरकार का चरित्र और व्यवहार आठ माह में ही अलोकतांत्रिक हो गई है। पत्रकारों को गलत तरीके से फंसाने के लिए उनकी गाड़ी में गांजा रखा जाता है। विपक्ष के विधायक को झूठे मुकदमों में फंसाकर गिरफ्तार किया जाता है। बलौदा बाजार के मामले में सतनामी समाज और कांग्रेस के लोगों को चिन्हांकित करके उनको जेल में डाला गया। कांग्रेस पार्टी भाजपा सरकार के इस आताताई चरित्र से डरने वाली नहीं है। इस प्रकार की कृत्यों से हमारा कार्यकर्ता और मजबूती से सरकार के खिलाफ जनता की आवाज उठाएगी। अकलतरा विधायक राघवेंद्र सिंह ने कहा कि बलौदा बाजार के आंदोलन में भाजपा जिला अध्यक्ष सनम जांगड़े सहित अन्य भाजपा नेताओं की भूमिका की जांच हो धरना प्रदर्शन के लिए कलेक्टर से परमिशन दिलाने वाला कौन था।

जांजगीर-चांपा क्षेत्र के विधायक ब्यास कश्यप ने कहा कि कांग्रेस के विधायक देवेंद्र यादव बलौदा बाजार में ना भाषण दिए और ना ही कलेक्टर ऑफिस प्रदर्शन में शामिल हुए। भीड़ में 5 मिनट रुककर वापस आ गए थे। कहीं भी किसी हिंसक घटना में उनके संलिप्तता का कोई भी सबूत नहीं है और ना ही वे किसी भी प्रकार की घटना में शामिल थे। पुलिस ने उनको गलत तरीके से गिरफ्तार किया है। भाजपा सरकार और पुलिस बताए किन भाजपा नेताओं को नोटिस दिए। उनसे पूछताछ की गई। उक्त घटना से हम सबको पीड़ा है। लेकिन छत्तीसगढ़ सरकार दुर्भावना से निर्दोष लोगों पर कार्रवाई ना करे।

**5 मिनट के लिए रुके और बन गए अपराधी**

पामगढ़ विधानसभा के विधायक शेष राज हरबंस ने कही कि बलौदा बाजार की पूरी घटना के लिए भाजपा सरकार दोषी है लचर कानून व्यवस्था और प्रशासन की निरंकुशता व लापरवाही से बलौदा बाजार में सतनामी समाज के आंदोलन में भाजपा आरएसएस के असामाजिक तत्वों की घुसपैठ हुई और इतनी बड़ी घटना को अंजाम दिया गया। जिला कांग्रेस के कार्यकारी जिला अध्यक्ष रमेश पैगवार ने भी सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष दिनेश शर्मा, मंजू सिंह, संदीप अग्रवाल, टिंकू मेमन, गिरधारी यादव, हर प्रसाद साहू, नगर पालिका अध्यक्ष भगवान वास गढ़वाल, जय थवाईत, रामकुमार पटेल, उत्तम पाटले, राजेश अग्रवाल, नागेंद्र गुप्ता, सेवादल जिला अध्यक्ष देव कुमार पाण्डेय, उपकार सिंह ढिल्लों आभास बोस, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह, गुलशन सोनी सलीम सिद्दीकी, चिंताराम कश्यप,गोविंद कश्यप, रामविलास राठौर, प्रिंस शर्मा, अनुसूचित जाति विभाग जिला अध्यक्ष महारथी बघेल, पिछड़ा वर्ग विभाग के जिला अध्यक्ष लोकेश राठौर, महिला कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सीमा शर्मा, सुनील साधवानी, संदीप यादव, आकाश तिवारी आदि ने संबोधित किया।

## हत्या का प्रयास करने वाले आरोपी को 7 साल की सजा

**जांजगीर-चांपा।** आपसी विवाद पर धारदार कत्ता से वारकर हत्या का प्रयास करने वाले आरोपी को 7 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमती पल्लवी तिवारी ने फैसला पारित किया। इस संबंध में अभियोजन पक्ष से मिली जानकारी के अनुसार 8 नवंबर 2022 को पामगढ़ में संजय कुर्रे के साथ हुए आपसी विवाद पर उसके भतीजे रोशन कुर्रे ने लोहे के धारदार हथियार कत्ता से जानलेवा हमला कर दिया। रोशन ने संजय के गर्दन और सिर पर दो से तीन बार% वार किया और मौके से फरार हो गया। आसपास की लोगों की मदद से संजय कुर्रे को पामगढ़ अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बिलासपुर रेफर कर दिया गया। मामले में पुलिस ने आरोपी रोशन कुर्रे के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया। मामले की सुनवाई द्वतीय अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमती पल्लवी तिवारी ने की। न्यायाधीश ने साक्ष्यों के आधार पर आरोपी जैजैपुर थाना क्षेत्र के ग्राम खजुरानी निवासी रोशन कुर्रे को दोषी पाते हुए दंडादेश जारी किया है। आरोपी को हत्या करने का प्रयास के आरोप में धारा 307 के अपराध के लिए 7 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 5 हजार रूपये के अर्थदण्ड एवं आयुध अधिनियम की धारा 25 (1-ख) (ख) के अपराध के लिए 3 वर्ष के सश्रम कारावास तथा 500 रूपये अर्थदण्ड से दंडित किया गया है।

## ग्रामीणों को समय पर नहीं मिल रहा राशन

**पंतोरा।** क्षेत्र के हितग्राहियों को समय पर राशन नहीं मिलने से परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि समय पर राशन नही मिलने से परेशानी होती हैं। वहीं खेती के समय में काम छोड़कर दुकान खुलने का इंतजार करते रहते है, लेकिन दुकान संचालक कि मनमानी के चलते सभी को दिक्कत हो रही है।



ग्राम पंतोरा में संचालित उचित मूल्य दुकान से हितग्राहियों को समय-सीमा पर राशन नहीं मिलने से ग्रामीण आक्रोशित हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि संचालक द्वारा देर से दुकान खोली जाती है। इसकी शिकायत सरपंच से करने पर ग्राम के सरपंच खुद मौके पर पहुंचे और दुकान संचालक को जल्द राशन देने और समय पर दुकान खोलने की बात कही। समय सुबह 9 बजे से 5 बजे तक का समय निर्धारित किया है। शनिवार को राशन लेने वाले हितग्राहियों की संख्या 70 से अधिक थी। पंतोरा में 11 दुकान बजे खुलने पर ग्रामीणों में गुस्से में थे। उनका कहना है कि समय पर दुकान नहीं खुलने और राशन वितरण के समय इलेक्ट्रॉनिक मशीन खराब रहती है।

## देवरी मोड़ से तनौद भुईगांव की सड़क बदहाल

**जांजगीर चांपा।** देवरी मोड़ से तनौद भुईगांव तक की सड़क बदहाल हो चुकी है। इस मार्ग में 13 किलोमीटर तक सड़क की बदहाली के कारण आवागमन करना बरसात में आसान नहीं रह गया है। सड़क पर बड़े बड़े गड्ढे होने से आए दिन हादसे हो रहे हैं। लंबे समय से मरम्मत नहीं होने से इस मार्ग पर आम लोगों का पैदल चलना भी दूभर हो गया है। ब्लाक मुख्यालय पामगढ़ से राजधानी को जोड़ने वाली सड़क पोखर में तब्दील हो गई है। मार्ग में जगह बने खाईनुमा गड्?ढों के कारण लोगों को आवागमन करने में परेशानी हो रही है। वर्तमान में काम डोंगाकोहरौद में इस सड़क में जगह-जगह बड़े-बड़े सैकड़ों गड्?ढे बन गए है। दो पहिया वाहन चालकों को गड्ढे का अंदाजा नहीं हो रहा है और वे हादसे का शिकार हो रहे हैं। ऐसा नहीं है कि जिम्मेदार विभाग, प्रशासन या जनप्रतिनिधियों को इस?की जानकारी नहीं है। लगभग 9 सालों से इस क्षेत्र की जनता जनप्रतिनिधि आयोग अध्यक्ष एवं विधायक के कार्यालय के आगे जाकर इस समस्या को मौखिक, लिखित अर्जी विनती न की हो, लेकिन अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को जनता की समस्या से कोई लेना देना नहीं है। ऐसे में ग्रामीण परेशान हो रहे है।

परेशानियों से संबंधित विभाग के अधिकारियों को कोई सरोकार नहीं है। इस मार्ग पर दर्जनों गांव के लोगों का प्रतिदिन आवागमन होता है। इसी मार्ग से जनप्रतिनिधियों का भी सतत रूप से आना जाना लगा रहता है लेकिन आम लोगों के परेशानियों से न तो जनप्रतिनिधियों को कोई मतलब है और न ही संबंधित विभाग के अधिकारियों को सरोकार है।

राहगीरों को इस मार्ग पर बहुत सावधानी से आवागमन करना पड़ रहा है। जरा सी चूक होने पर राहगीर हादसों का शिकार हो रहे हैं। पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा मरम्मत के नाम हर वर्ष लाखों रुपए खर्च कर सड़क का डामरीकरण किया जाता है। नवंबर 23 में डामरीकरण किया गया था जो लेकिन 6 महीने के अन्दर अब डामर उखड़ने से सड़क में बड़े बड़े गड्डों में तब्दील हो गया है। तनौद नवागांव मोड़ से तीन किलोमीटर सड़क एक से दो फीट गड्ढे हो गई हैं।

## नगरीय निकाय के प्लेसमेंट कर्मचारी रहेंगे 01 दिवसीय हड़ताल पर

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ की बैठक दिनांक 24.08.2024 को दिन- शनिवार को संभाग अध्यक्ष कौशलेन्द्र सिंह राणा की उपस्थिति में आयोजित की गई जिसमें प्रदेश स्तरीय हड़ताल धरना प्रदर्शन के संबंध में विचार विमर्श किया गया। नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष वासु चैबे ने बताया कि इस बैठक में सक्ती जिले के सभी नगरीय निकायों के कर्मचारी सम्मिलित हुए जिसमें निर्णय लिया गया की अपने मांगों को लेकर प्रदेश स्तर के आवाहन पर 01 दिवस के सामुहिक हड़ताल 03 सूत्रीय मांगों को लेकर किया जावेगा -

1. समस्त नगरीय निकायों से प्लेसमेंट/ठेका प्रथा को समाप्त कर, प्लेसमेंट कर्मचारियों को निकायों में समायोजन किया जावे।
2. नगरीय निकायों में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों को नियमितीकरण तक 62 वर्ष की आयु तक नौकरी की सुरक्षा प्रदान की जावे।
3. नगरीय निकायों में कार्यरत किसी भी प्लेसमेंट कर्मी को सेवा से पृथक न किया जावे।

नगरीय निकायों के कर्मचारियों के 01 दिवसीय हड़ताल में जाने से सफाई, बिजली, पानी, जन्म-मृत्यु, राशनकार्ड, लोकसेवा आदि से संबंधी कार्य प्रभावित होंगे। बैठक नगर पंचायत डभरा, चन्द्रपुर, नया बाराद्वार के कर्मचारीगण के साथ नगर पालिका के कर्मचारी मो.इब्राहिम खान, संतोष यादव, रामभरोस यादव, विजय सोनवानी आदि कर्मचारी उपस्थित थे।

## पुत्रों की दीर्घायु के लिए माताओं ने रखा व्रत

**जांजगीर-चांपा।** पुत्रों की दीर्घायु व उनकी मंगल कामना के लिए माताओं ने कल अगस्त को हलषष्ठी का व्रत रखा। इस दौरान माता हलषष्ठी की विधि पूर्वक पूजा-अर्चना की गई। पूजा के लिए महिलाओं ने पसहर चावाल, भैस का दूध, घी, दही सहित छह प्रकार की भाजी की व्यवस्था की थी।



हलषष्ठी व्रत को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखा गया। सुबह से इस सामग्रियों की एक-दूसरे के घर बांटने का सिलसिला शुरु हुआ। फिर घरों में तालाब बनाकर पेड़ों की डालियों से पौधे उगाये और संतानों की सुख समृद्धि के लिए माताओं ने दोपहर 12 बजे के बाद समूह में हलषष्ठी देवी व वरुण देवता की पूजा-अर्चना की। इसके बाद हलषष्ठी की प्रचलित कथाओं का श्रवण किया और हलंषष्ठी व्रत की महत्ता बताई गई। तत्पश्चात महिलाओं ने पसहर चावल व छह प्रकार की भाजी मुनगा, कद्दू, सेमी, तोरई, करेला, मिर्ची को प्रसाद के रुप में ग्रहण किया एवं पुत्रों की दीर्घायु व सुखी भविष्य के लिए माथे पर तिलक व पीठ में पोता मारकर व्रत की मान्यता पूरी की। इसके लिए एक दिन पहले शुक्रवार को बाजारों में पूजा सामग्री खरीदने वालों की भीड़ देखी गई। महिलाओं ने लाई, दोना, पत्तल, पसहर चावल और महुआ फल, भाजी इत्यादि समेत अन्य पूजन सामग्री की खरीददारी की। मान्यता के अनुसार बच्चों की लंबी उम्र के लिए माताओं द्वारा किया जाने वाला छत्तीसगढ़ी संस्कृति यह ऐसा पर्व है जिसे हर जाति और वर्ग के लोग मनाते हैं।

(कमरछठ) इस दिन माताएं उपवास रहकर अपने संतान की दीर्घायु और सुख समृद्धि की कामना की वहीं शाम के समय अपने बच्चों ने बच्चों के पीठ पर ममता की थाप मारकर आशीर्वाद दिया। गौरतलब है कि हलषष्ठी का दात भादो मास के कृष्ण पक्ष के षष्ठी तिथि को भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भाई श्री बलराम जी के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। इस दिन पूजा पूजा में चना, जौ, गेहूं, मक्का अरहर, तिवरा, लाई, महुआ, इत्यादि चढ़ाया जाता है। हलषष्ठी पर बिना हल चले अन्न (पसहर) चावल जैस की दूध, दही, घी का उपयोग किया जाता है। इस दिन महुआ का दातुन कर पलाश के पत्तल में पसहर चावल का भोजन करने की परंपरा है। इस दिन महिलाएं पूजा के लिए बनाए गए सगरी कुंड के परिक्रमा लगाकर सामूहिक रूप से गीत गया। पंडित अनूप कुमार शर्मा ने बंधवा तालाब शिव मंदिर के पास एवं मनोज कुमार पांडेय ब्यास चौक ठाकुर देव के पास हलषष्ठी माता की कथा व्रतधारी महिलाओं को सुनाई। उसके बाद घर आकर माताएं अपने अपने संतानों के पीठ पर छुईही के पोता मारकर उनके सुख समृद्धि सुखमय जीवन और लंबी दीर्घायु की कामना की गाई। तत्पश्चात माताएं पसहर चावल से बने भोजन में गैस के दूध, दही मिलाकर वाहण कर व्रत तोड़ी गई।

## आज शुरू हुआ जिले में नेत्र दान पखवाड़ा, किया जाएगा जागरूक



**जांजगीर चांपा।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरे देश में नेत्र दान पखवाड़ा मनाया जाएगा इस तारतम्य में जांजगीर जिला के समस्त नेत्र सहायक अधिकारीयों का आवश्यक बैठक जिला चिकित्सालय जांजगीर में सहायक नोडल अधिकारी अंधत्व निवारण एस. के. चंदन सर द्वारा लिया गया जिसमें उन्होंने नेत्र दान के लिए लोगों को जागरूक करने तथा प्रेरित करने का आह्वान किया,इसी कड़ी में आलोक दुबे नेत्र सहायक अधिकारी शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जांजगीर ने दान के महत्व पर प्रकाश डाला कि संसार से व्यक्ति जब चला जाता है तो उसे जलाया जाता है या दफनाया जाता है जब व्यक्ति के साथ आंखों की मृत्यु नहीं होती वह जीवित होता है वह आंख यदि किसी नेत्रहीन व्यक्ति को मिल जाए तो भगवान का बनाया हुआ सुंदर संसार को फिर से देख सकता है । दान जगत का प्रकृत धर्म है,मनुज व्यर्थ ही डरता है।आखिर एक दिवस हमें स्वयं ही ,सब कुछ देना पड़ता है।रामाधारी सिंह दिनकर के इन पंक्तियों के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ हुआ जो 8 सितंबर तक चलेगा इसमें कोई भी व्यक्ति नेत्र दान कर सकता है अपने नजदीकी शासकीय चिकित्सा केंद्र में जाकर। इस कार्यक्रम में जिला के नेत्र सहायक अधिकारी पी.पी.राठौर,थनेश साहू,द्वास राम भारते, कंवर जी, विजय राठिया, हर प्रसाद खुटें जी, कृष्णमूर्ती कश्यप सहित सभी नेत्र सहायक जिला जांजगीर चांपा शामिल हुए।

## कार की टक्कर से एक की मौत चालक को एक साल की सजा

**जांजगीर-चांपा ।** न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी न्यायालय जांजगीर सीमा कंवर ने लापरवाही उपेक्षापूर्वक कार चलाते हुए एक व्यक्ति की मृत्यु कारित करने के आरोपी सूरज प्रसाद निर्मलकर पिता बहरूराम निर्मलकर निवासी ग्राम झिलमिली थाना मुलमुला को 1 वर्ष की कारावास एवं अर्थदंड की सजा सुनाई है। घटना 3 मार्च 2021 सुबह लगभग 11 बजे बस स्टैंड ग्राम तिलई मोड़ की है। घटना समय प्रार्थी योगेश बघेल के पिता फिरत राम बघेल बाल कटवाने बस स्टैंड तिलई रोड किनारे स्थित सैलून गया था। जहां भीड़ होने के कारण फिरतराम सैलून के बाहर खड़ा था। उसी समय जांजगीर की तरफ से डस्टर कार क्रमांक एमपी 04 सीएम 2430 का चालक अपने वाहन को लापरवाहीपूर्वक चलाते आया और रोड किनारे खड़े फिरतराम कोटक्कर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। मौके से फिरतराम को इलाज के लिए पहले जांजगीर जिला अस्पताल लाया गया। उसकी स्थिति गंभीर होने पर उसे बिलासपुर सिम्स अस्पताल रेफर किया गया। बिलासपुर अस्पताल में फिरतराम को भर्ती करने के बाद उसके पुत्र योगेश बघेल के द्वारा थाना जांजगीर में घटना की सूचना देने पर कार चालक के विरुद्ध धारा 279, 337 के तहत अपराध दर्ज कर थाना जांजगीर द्वारा विवेचना प्रारम्भ की गई। 7 अप्रैल 2021 को फिरतराम की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। मामले में धारा 304 ए जोड़ी गई। आरोपी सूरज निर्मलकर के विरुद्ध विवेचना पूर्ण कर चालान पेश किया।



**गवाहों के कथन के बाद सुनाई सजा**

सीमा कंवर ने आरोपी कार चालक सूरज प्रसाद को लापरवाही उपेक्षा पूर्वक वाहन चलाना, जिससे फिरत राम की मृत्यु होने का दोषी आया। आरोपी सूरज निर्मलकर को धारा 279 भादवि में 3 माह कारावास एवं अर्थदंड व धारा 304 ए में 1 वर्ष कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया गया। अर्थदंड की राशि अदा न करने पर पृथक से कारावास का आदेश दिया। शासन की ओर से सहायक जिला अभियोजन अधिकारी एस. अग्रवाल व मनीषा प्रसाद ने पैरवी की।

## विधायक के बचाव में उतरा संगठन, उठाए सवाल

**सक्ती।** जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू ने कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी के विरोध में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने कहा कि बलौदा बाजार के मामले में प्रदेश की साय सरकार अपनी नाकामी और पूरे देश में हुई बदनामी को छुपा रही है। विपक्ष के नेताओं को परेशान किया जा रहा है। हमारे विधायक साथी विधायक देवेंन्द्र यादव की गिरफ्तारी भाजपा की बौखलाहट को दर्शाता है। यह विपक्ष को बदनाम करने की साजिश है। श्री साहू ने कहा कि विधायक देवेन्द्र यादव बलौदाबाजार में न भाषण दिया और न ही कलेक्टर ऑफिस प्रर्दशन में शामिल हुए। वे भीड़ में पांच मिनट रूक कर वापस आ गये थे। कही भी किसी हिंसक घटना में उनके संलिप्तता का कोई भी साक्ष्य नही और न ही वे किसी भी प्रकार की घटना में शामिल थे।पुलिस ने उनको गलत तरीके से गिरफ्तार किया है। देवेन्द्र यादव पर जितनी धारायें लगाई गयी है। पुलिस को एक साक्ष्य प्रस्तुत करना चाहिये। पूरी घटना के लिए प्रदेश की भाजपा सरकार दोषी है । लचर कानून व्यवस्था और प्रशासन की निरंकुशता व लापरवाही से बलौदा बाजार में सतनामी समाज के आंदोलन में असामाजिक तत्वों की घुसपैठ हई और इतनी बड़ी घटना को अंजाम दिया गया। इस पूरे आंदोलन में



भाजपा नेताओं की भूमिका भी संदिग्ध है। प्रदेश सरकार उन्हे बचाने का प्रयास कर रही है। विधायक साथी देवेंन्द्र यादव के उपर लगाई गयी धारा चेक लिस्ट दण्ड प्रक्रिया की धारा 41 (b) 2 के अंतर्गत निर्मित कार्यालय प्रभारी आरक्षित केन्द्र सिटी कोतवाली जिला बलौदा बाजार अपराध क्रमांक 386/2024 धारा 153 (a), 505, (1) 505 (vb), 505 (vc),109,120 (b) IPC जोड़ने धारा 147,148,149,146,353, 332 ,333 ,307, 435 , 436 , 341 ,427, भादवि एवं 3,4 लोक संपत्ती क्षति निवारण अधिनियम 1984 लगाया गया है।

## बूथ लेबल पर घर-घर जाकर भाजपा कार्यकर्ता बनाएं सदस्य: सिंहदेव

**जांजगीर-चांपा।** भारतीय जनता पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। पार्टी को और भी विस्तारित करना है, इसके लिए कार्यकर्ता जुट जाएं। भाजपा के सदस्यता अभियान में कार्यकर्ताओं की भूमिका अहम होगी। बूथ लेबल पर घर घर जाकर कार्यकर्ता नए सदस्य बनाएं।

यह बातें सदस्यता अभियान के प्रदेश प्रभारी व संभाग प्रभारी अनुराग सिंह देव ने जांजगीर भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं से कही। अनुराग सिंह देव ने 24 अगस्त को सदस्यता अभियान की कार्यशाला में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान को संगठन पर्व के रूप में मनाएगी। उन्होंने कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए बताया कि आज भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है हम भाजपा सदस्यता अभियान की शुरुआत 2 सितंबर से करेगी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगतप्रकाश नड्डा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके मोबाइल नं से 8800002024 नंबर पर बटन दबाकर मिस्ड काल कर उनकी सदस्यता का नवीनीकरण करेंगे और छत्तीसगढ़ मे भी 3 सितंबर को प्रदेशाध्यक्ष किरणदेव सिंह, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाएंगे। सभी को जिला स्तर से लेकर मंडल स्तर फिर शक्ति केन्द्रो से लेकर बुथ स्तर तक इस अभियान को ले जाकर इस अभियान को सफल बनाना है। इसके लिए जिले में पांच सदस्यीय टीम का गठन कर सभी बारह मंडलो मे प्रभारी नियुक्त किए गए जो अलग अलग जाकर कार्यशाला आयोजित कर सदस्यता अभियान को कैसे और अधिक सफल बनाना है उसके लिए मंडल मे सदस्यता अभियान के लिए बनी टोली टीम व कार्यकर्ताओ को प्रशिक्षित करेंगे 6 सितंबर से जिले के सभी मतदान केंद्रो मे कार्यकर्ता घर घर जाकर सदस्य बनाएंगे जो 17 सितंबर तक चलेगा उसके बाद कार्यकर्ता 25 सितंबर तक सार्वजनिक जगहो पर मिस्ड काल कर इस सदस्यता अभियान को आगे बढ़ाएगे सभी बुथो पर कम से कम 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य पार्टी द्वारा निर्धारित किया गया है। कार्यशाला में सासंद कमलेश जांगड़े, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, जिला संगठन प्रभारी गिरधर गुप्ता, सहप्रभारी अशोक चावलानी, पूर्व सांसद कमला पाटले, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य लीलाधर सुल्तानीया, पूर्व विधायक अंबेश जांगड़े, जिलाध्यक्ष गुलाब चंदेल, जिला महामंत्री पुरूषोत्तम शर्मा सुल्तानिया, विवेका गोपाल, अरूण झाझडिया सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मार्शल आर्ट का दिया गया प्रशिक्षण

**अकलतरा।** ग्राम मुरलीडीह में महात्मा ज्योति राव फुले उच्चतर माध्यमिक शाला में श्री महिला डेवलपमेंट फाउंडेशन पामगढ़ की ओर से स्कूल में अध्ययनरत छात्राओं के लिए नारी परिचर्चा, नारी सुरक्षा विषय पर छात्राओं को जानकारी देने के साथ, आत्मरक्षा के लिए मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण दिया गया। बालिकाओं के लिए पेंटिंग व राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में चंचला कुर्रे ने कहा कि आज के युग में छात्राओं को आत्मनिर्भर भरने के साथ-साथ आत्मरक्षा करने के उपाय आना चाहिए। छात्रा किसी प्रकार की अनहोनी व घटना का शिकार होने पर अपने माता-पिता व स्कूल के शिक्षकों को जानकारी दें। श्याम कला दिवाकर ने कहा कि आज छात्राएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं।

## अनमोल वचन......

**सच्चाई के साथ जीन जीने वाले व्यक्ति को कभी किसी बात का भय नहीं रहता।**

# कॉमन सिविल कोड को नया नाम

खबरों के मुताबिक मोदी के एलान के बाद टीडीपी नेता एन चंद्रबाबू नायडू से मुस्लिम नेताओं का एक दल मिला। नायडू ने उन्हें आश्वासन दिया कि जब तक वे केंद्रीय सत्ता में भागीदार हैं, सेकुलर' कोड जैसी कोई पहल नहीं होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कॉमन सिविल कोड को नया नाम दिया। उसे सेकुलर कोड कहा। स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से उन्होंने पर्सनल लॉ (जिसे उन्होंने कम्यूनल कोड कहा) कि जगह सेकुलर कोड लागू करने का इरादा जताया। यह बात उन्होंने लोकसभा चुनाव के पहले भी कही थी। तब लेकिन तब बात अलग थी। तब लोकसभा में भारतीय जनता पार्टी का अपना बहुमत था और अभी भाजपा का चार सौ पार का उत्साह आसमान में था। आम चुनाव में भाजपा के पर कुतर गए।

लेकिन उससे मोदी पर कोई फर्क नहीं पड़ा। पिछले ढाई महीने से उनका सारा प्रयास यही संदेश देने का है कि कुछ भी नहीं बदला है। संभवत- इसीलिए लाल किले से उन्होंने इस विभाजक मुद्दे को अपने भाषण का थीम बनाया। परंतु अब उनके सामने बदली हुई हकीकत है। मोदी के एलान के बाद सत्ताधारी एनडीए के घटक दल तेलुगू देशम पार्टी के नेता एन चंद्रबाबू नायडू से मुस्लिम नेताओं का एक दल मिला। नायडू ने उन्हें आश्वासन दिया कि जब तक वे केंद्रीय सत्ता में भागीदार हैं, सेकुलर' कोड जैसी कोई पहल नहीं होगी। जनता दल (यू) में भी अशांति दिखी। नतीजतन, 16 अगस्त को भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के घर एनडीए की बैठक बुलानी पड़ी। इसमें यह फैसला भी हुआ कि हर महीने एनडीए की समन्वय समिति की बैठक होगी और नीतिगत फैसले उसमें ही लिए जाएंगे। फिलहाल, इसका अर्थ यह है कि मोदी ने जो एलान किया, उसके प्रचार से भाजपा को जो सियासी फायदा मिलना हो मिले, लेकिन उससे संबंधित विधेयक को पारित कराना आसान नहीं होगा। इससे यह संकेत ग्रहण किया जा सकता है कि भाजपा की अब वह हैसियत नहीं है कि पिछली लोकसभा की तरह बिना अन्य किसी मत का ख्याल किए विवादास्पद विधेयकों को आगे बढ़ा दे। इसके लिए उसे- कम से कम अपने गठबंधन के भीतर न्यूनतम सहमति बनानी होगी। टीडीपी और जेडी-यू वक्फ़ बोर्ड विधेयक तक चुप रहे, लेकिन अब उन्हें अपनी सियासत के लिए जोखिम पैदा होता दिखने लगा है। अब देखना होगा कि मोदी-शाह का नेतृत्व इस स्थिति को भी मैनेज कर लेने में कामयाब होता है।

# मोदी की यूक्रेन यात्रा

/सत्येन्द्र रंजन//

**हकीकत यह है कि यूक्रेन यात्रा का एलान मोदी की रूस यात्रा पर पश्चिम में हुई तीखी प्रतिक्रिया की पृष्ठभूमि के बीच किया गया था। आरंभ में इसको लेकर अपेक्षाएं बढ़ाई भी गईं। अब उन्हें संभवतः इसलिए नियंत्रित को सोचा गया है, क्योंकि ये हकीकत सामने है कि इस यात्रा से कुछ हासिल नहीं होने वाला है। यह स्वागतयोग्य है कि भारत सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूक्रेन को लेकर उम्मीदों और अटकलों का बाजार ठंडा करने की कोशिश की है। 23 अगस्त को होने वाली मोदी की इस यात्रा की पुष्टि 19 अगस्त को की गई। उसी रोज भारतीय विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने ब्रीफिंग में यह स्पष्ट किया कि इस यात्रा का मकसद यूक्रेन और रूस के बीच प्रत्यक्ष मध्यस्थता करना नहीं है। वैसे इस बारे में भारत का कोई आधिकारिक बयान नहीं है।**

उधर पश्चिमी कूटनीतिज्ञों ने संभावना जताई है कि भारत दोनों देशों के बीच संदेशों के आदान-प्रदान का माध्यम बन सकता है। विदेश मंत्री एस जयशंकर पहले कुछ मौकों पर यह कह चुके हैं कि भारत ने संवेदशवाहक की भूमिका निभाई है। काला सागर अनाज समझौते और जापोरिझिया परमाणु संयंत्र के मुद्दे पर ऐसा रोल भारत ने निभाया था। जयशंकर ने कहा था- 'हम वो देश हैं, जिसने रूसी नेताओं के साथ इस (यूक्रेन युद्ध) मुद्दे पर खुल कर और दो टूक बात की है। विभिन्न पहलुओं पर दूसरे देशों ने हमारा इस्तेमाल संदेश भेजने के लिए किया है।'

अब यह बात बहुत से लोगों को नागवार गुजर सकती है कि भारत की भूमिका विभिन्न देश आज एक संदेशवाहक के रूप में देखते हैं। इसलिए कि जो देश विश्व कूटनीति में अपनी खास आवाज और नजरिया रखते हैं, वे दूसरों के संदेशों को अन्य देशों तक नहीं पहुंचाते। उनके पास देने के लिए अपना संदेश होता है। वैसे भी जिन संदेशों को भारत ने पहुंचाया, आखिर उनसे हासिल क्या हुआ है।

फिलस्तीन में गजा नरसंहार और यूक्रेन युद्ध आज दुनिया में दो सबसे बड़े मसले हैं। यूक्रेन युद्ध को समाप्त कराने के लिए कई हलकों से फॉर्मूले पेश किए गए हैं, लेकिन बात आगे नहीं बढ़ी है। बीते जून में स्विट्जरलैंड ने इस मुद्दे पर शांति सम्मेलन का आयोजन किया, मगर बात आगे नहीं बढ़ी, क्योंकि उसमें रूस को आमंत्रित ही नहीं किया गया था। इसके पहले एक बहुचर्चित फॉर्मूला चीन की तरफ से आया, जिसे यूक्रेन और रूस दोनों ने गंभीरता से लिया था। मगर चीन भी अपनी पहल में अब तक कामयाब नहीं हुआ है।

दरअसल, किसी फॉर्मूले पर प्रगति की कोई संभावना नहीं है, जब तक अमेरिका और नाटो सबकी सुरक्षा को समान महत्त्व देने को तैयार नहीं होते हैं। यूक्रेन में युद्ध का बुनियादी कारण रूस की सीमा तक नाटो के विस्तार की अमेरिकी जिद है। रूस को घेरने की उसकी कोशिश में यूक्रेन मोहरा बना है। भारत या कोई अन्य देश इस विवाद के बीच तभी अपनी कोई सार्थक भूमिका बना सकता है, जब उसके पास इस समस्या की यथार्थवादी समझ हो और वह उस समझ को दो टूक कहने का साहस भी दिखाए।

क्या पिछले ढाई साल में भारत ऐसा करता नजर आया है। जाहिर है, नहीं। इसके बदले प्रधानमंत्री ने कुछ जुमले जरूर बोले हैं। मसलन, यह कि 'यह युद्ध का युग नहीं है' और 'आज के दौर में लड़ाई के मैदान पर हार-जीत तय नहीं हो सकती'। ये वाक्य भारत में सुर्खियां बनाने के लिहाज से चाहे जितने प्रभावी रहे हों, विश्व कूटनीति में इनका कोई महत्त्व नहीं है। इसीलिए मोदी की यूक्रेन यात्रा भारत-यूक्रेन द्विपक्षीय संबंध के लिहाज से चाहे जितना अहम हो, रूस-यूक्रेन विवाद के संदर्भ में उससे कुछ हासिल नहीं होने वाला है। वैसे भी मोदी की यात्रा उस समय हो रही है, जब रूस-यूक्रेन युद्ध में नई तेजी आ गई है। यूक्रेन ने रूस के कुर्क्स इलाके में घुसपैठ कर युद्ध के साये को और घना कर दिया है। यह चर्चा जोरों पर है कि रूस अब इस लड़ाई का स्वरूप 'विशेष सैनिक कार्रवाई' से बदल कर पूर्ण युद्ध का एलान कर सकता है। चूंकि कुर्क्स में हमला करने के लिए यूक्रेन ने नाटो से मिले हथियारों और उपकरणों का इस्तेमाल किया है, इसलिए आशंका है कि अब रूस खुल कर आसपास के पश्चिमी ठिकानों को भी निशाना बना सकता है। ऐसा हुआ, तो युद्ध सिर्फ दो देशों तक सिमटा नहीं रह जाएगा। ऐसी खबरें हैं कि पिछले तीन दिन में रूस ने यूक्रेन में पश्चिमी देशों से मिली रक्षा प्रणालियों को खुल कर निशाना बनाया है। इनमें अमेरिका से मिले हिमार लॉन्चर भी हैं।

चूंकि यूक्रेन ने अपनी सीमित शक्ति कुर्क्स इलाके में लगा दी है, तो उसका लाभ उठाते हुए रूसी सेना दोनबास इलाके में पिछले एक हफ्ते में तेजी से आगे बढ़ी है और उसने कई अहम यूक्रेनी मोर्चे फतह कर लिए हैं। रूस की रणनीति से परिचित एक चीनी विशेषज्ञ ने अपने विश्लेषण में लिखा है कि रूसी सेना को संभवतः कुर्क्स क्षेत्र मुक्त कराने की कोई जल्दी नहीं है। बल्कि उसकी रणनीति होगी कि यूक्रेन अधिक से अधिक शक्ति वहां लगाए, ताकि दूसरे मोर्चों पर रूस का मकसद आसान होता जाए। वैसे भी रूस की रणनीति यूक्रेन को जल्द से जल्द पराजित करने के बजाय इस टकराव को जमे हुए युद्ध की स्थिति में रखने की रही है। वजह रूस का यह आकलन है कि उसकी लड़ाई सिर्फ यूक्रेन से नहीं, बल्कि पूरे नाटो से चल रही है। ऐसे में क्षय का युद्ध की रणनीति के जरिए पश्चिमी देशों को इसमें उलझाए रखना और इस युद्ध के फलस्वरूप उन देशों में प्रतिकूल परिस्थितियों को और गंभीर बनाना रूस के दीर्घकालिक उद्देश्य के लिहाज से अधिक लाभदायक है। यह तो तथ्य है कि इस युद्ध के कारण अपने देशों में यूरोपीय शासकों की चुनौतियां लगातार बढ़ती गई हैं। उधर अमेरिका में वैसा ही मत विभाजन गजा मे जारी इजराइली नरसंहार ने पैदा किया है। पश्चिम के इन राजनीतिक संकटों को रूस अपने हित में मानता है। अच्छी बात है कि इस जटिल स्थिति का अहसास भारत की विदेश नीति के निर्माताओं को हुआ है और उन्होंने मोदी की यात्रा को लेकर अपेक्षाएं ना बढ़ाने की रणनीति अपनाई है। इसके बावजूद हकीकत यह है कि यूक्रेन यात्रा का एलान मोदी की रूस यात्रा पर पश्चिम में हुई तीखी प्रतिक्रिया की पृष्ठभूमि के बीच किया गया था। आरंभ में इसको लेकर अपेक्षाएं बढ़ाई भी गईं। अब उन्हें संभवतः इसलिए नियंत्रित को सोचा गया है, क्योंकि ये हकीकत सामने है कि इस यात्रा से कुछ हासिल नहीं होने वाला है।

# बाइडन दौड़ से हट गए

//श्रुति व्यास//

**वह रात डेमोक्रेटों के नाम थी और शिकागो हर्षोल्लास में डूबा हुआ था। सचमुच सोमवार की रात डेमोक्रेटिक पार्टी के सम्मेलन में उत्साह चरम पर था। कई महीनों तक के शर्मसार करने वाले, निराशाजनक हालातों और मैदान से लगभग बाहर हो जाने के बाद, पार्टी उत्साह और प्रसन्नता में डुबी हुई थी। जोश था, आशा थी, ऊर्जा थी और कुछ अच्छा होने की उम्मीदें भी। यह रात भावुकतापूर्ण थी, आँखों में आंसू लाने वाली थी और अलविदा कहने वाली रात भी थी। क्योंकि इस रात यह सौ प्रतिशत तय हुआ कि राष्ट्रपति बाइडन का राजनैतिक जीवन समाप्त हो रहा है।**

एक महीने पहले तक स्थिति यह थी कि जो बाइडन गुरूवार को, सम्मलेन के अंतिम दिन, 2024 के राष्ट्रपति चुनाव के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवारी स्वीकार करने का भाषण देने वाले थे। इसकी बजाय वे अपना फेयरवेल भाषण दे रहे थे। अश्रुपूरित आंखों, दुःख और अफसोस की भावना पर काबू पाते हुए, बाइडन ने एक अलग किस्म का भाषण दिया। उन्होंने अपनी विरासत के बारे में कुछ नहीं कहा, अपनी तारीफों के पुल नहीं बांधें, और केवल वही बातें कहीं जिन्हें कहा जाना जरूरी था। उनका एक घंटे का भाषण सम्मेलन के पहले दिन के अंत में हुआ, जिसमें उन्होंने राष्ट्रपति बतौर अपने निर्णयों का जमकर बचाव किया।उन्होंने 6 जनवरी के बलवे सहित ट्रंप प्रशासन के कुछ काले कारनामों की एक बार फिर चर्चा की और ट्रंप की अमेरिका के बारे में सोच पर हमला बोला। उन्होंने कमला हैरिस की तारीफ की और आशा व्यक्त की कि यदि राष्ट्रपति के पद पर एक दोषसिद्ध अपराधी की जगह एक अभियोजक होगा तो अपराधों में कमी आएगी। उन्होंने हैरिस और वाल्ज़ की तारीफ करते हुए उन्हें सर्वश्रेष्ठ कार्यकर्ता बताया। वहां जमा भीड़ पूरे समय 'वी लव जो' के नारे लगाते रही। बाइडन का जोश साफ़ दिख रहा था और उनका फोकस भी स्पष्ट था। उन्होंने अपनी जीवन यात्रा का संक्षिप्त विवरण देते हुए बताया कि कैसे अटक-अटक कर बोलने वाला एक बच्चा व्हाईट हाउस तक पहुंचा और उसके बाद उसने युवा पीढ़ी के लिए जगह खाली कर दी।

सबसे युवा से लेकर सबसे बुजुर्ग होने तक बाइडन ने अमेरिका की जैसी खिदमत की है वैसी उनके किसी पूर्ववर्ती ने नहीं की। मुझे यह स्वीकार करने में कोई हिचकिचाहट नहीं है मैं बाइडन की प्रशंसक हूं और मेरे लिए यह देखना अत्यंत निराशाजनक है कि जिस व्यक्ति ने अपने व्यक्तिगत जीवन के जख्मों और तकलीफों का सामना करते हुए पार्टी को अपना सब कुछ दे दिया, वह इस तरह से अलविदा लेते हुए है। ज़रा सोचिए, जो बाइडन के मन में अंतिम भाषण देते समय कौन-से विचार कौंध रहे होंगे। निश्चित ही यह एक खट्टा-मीठा क्षण होगा। चेस्टर आर्थर के बाद वे पहले ऐसे राष्ट्रपति के रूप में शिकागो पहुंचे जिसे दूसरे कार्यकाल के लिए पार्टी ने नामांकित नहीं किया। उनकी जगह जिसे नामांकित किया गया, उसे लेकर मनाए जा रहे जश्न को भी उन्होंने महसूस किया होगा। और इस अहसास से उन्हें तकलीफ हुई होगी कि उनके बलिदान का उत्सव मनाया जा रहा है। उन्होंने राष्ट्रपति के रूप में ऐसे फैसले लिए जिनका अच्छा प्रभाव हुआ, जो रणनीतिक दृष्टि से सही साबित हुए, जिनसे वे एक बेहतर राष्ट्रपति माने गए। ऐसा उनके पूर्ववर्तियों बराक ओबामा एवं क्लिंटन के मामले में नहीं हुआ। लेकिन उनके करियर की समाप्ति जिस ढंग से हो रही है, वह वैसी नहीं है जैसी उनके योगदान के मद्देनजर होनी चाहिए थी।

सोमवार की रात वाकई डेमोक्रेटस के नाम थी। वहां वास्तव में लोकतंत्र की जीत हुई। बाइडन दौड़ से हट गए और उन्होंने एक नायक की तरह निस्वार्थ भाव से अपने उत्तराधिकारी के लिए जगह खाली कर दी। जश्न के बीच सम्मेलन के पहले दिन उम्मीदें बढ़ने के बावजूद डोनाल्ड ट्रंप का खतरा अब भी गंभीर बना हुआ है। रायशुमारियों में बेहतर होती स्थिति और हैरिस और वाल्ज के प्रति बढ़ता हुआ समर्थन नजर आने के बावजूद डेमोक्रेट इस बात को नजरअंदाज नहीं कर सकते कि गाजा से जुड़े तर्क-वितर्क, जो सम्मेलन के दौरान शिकागो की सड़कों पर चर्चा का मुख्य विषय बने हुए थे, कितने गंभीर हैं और देश के लिए सबसे बड़ा भावनात्मक मुद्दा बने हुए हैं। अब डेमोक्रेटिक पार्टी की कमान कमला हैरिस के हाथ में है। जो बाइडन नेपथ्य में चले गए हैं। उन्होंने राजनीति से गरिमामय विदाई ले ली है और उनके आने वाले दिन छुट्टियां मनाने और परिवार के साथ व अपने पसंदीदा काम करने में बीतेंगे। इस बुजुर्ग व्यक्ति का इतना हक तो बनता ही है। उन्होंने अमरीका के लिए वह सब किया जो वे कर सकते थे। जैसा उन्होंने अपने अंतिम भाषण में भी कहाः अमरीका ङ्क मैंने अपना सर्वोत्तम तुम्हें दे दिया।

# मानव विकास जीरो,भौतिक विकास हीरो

अस्पताल में अपने पुत्र के इलाज के लिए गए मेरे एक मित्र ने मुझे बताया कि बेटे के बेड के सामने ही दो बच्चे अपने पिताजी का भी इलाज आयुष्मान कार्ड से करा रहे थे और परेशान थे। इसी परेशानी में जब मित्र ने उनसे बातचीत शुरू की और पूछा कि बेटा कहां तक पढ़ाई की है। तो उन्होंने बताया कि वे पढ़ाई छोड़ चुके हैं । मेरे मित्र ने आश्चर्य से पूछा कि क्यों तो उसने कहा कि उसके कई मित्र पोस्ट ग्रेजुएशन करने के बाद भी 15 हजार की नौकरी कर रहे हैं, इतना पैसा तो मजदूरी करके भी कमाया जा सकता है फिर पढ़ने की क्या जरूरत है । यह धारणा कितने प्रतिशत बच्चों में घर कर चुकी है यह तो कहना मुश्किल है लेकिन सरकारी आंकड़ों में मध्य प्रदेश के कॉलेज में लाखों खाली पड़ी सीटें संकेत जरूर देती हैं कि यह सोच और यह धारणा धीरे-धीरे समाज में पैर पसार रही है। पैसा ही विकास का मापदंड बन गया है अगर आप पेट भर पा रहे हैं तो आप सफल हैं ।संतोष का यह स्तर किसी भी समाज को आगे बढ़ाने की बजाय किसी खाई खंदक की तरफ भी ले जा सकता है। शिक्षा समझ और रोजगार पैदा कर सकती है इन दोनों चीजों पर शासकीय नीतियों ने भरोसा कम कर दिया है अब उदर पोषण ही भरण पोषण बन रहा है।

देश की सल्तनत में भी यह विचार निरंतर घर करता जा रहा है कि भौतिक विकास ही दर्शनीय विकास है और विकास के नाम पर अगर हमें लोकप्रियता अर्जित करना है तो बड़ी-बड़ी अट्टालिकाएं, भवन और सड़कों का विकास ही विकास के प्रयासों का वास्तविक प्रदर्शन हो सकता है।

यही कारण है कि अस्पतालों के नाम पर भवन बन रहे हैं लेकिन डाक्टर नहीं हैं। डेढ-दो हजार करोड़ के मेडीकल कालेज बन रहे हैं किंतु पढाने वाले दो दर्जन प्रोफेसर भी नहीं हैं। उपचार के लिये 1500 डाक्टरों की भी भर्ती नहीं हो पा रही है जबकि मध्य प्रदेश में प्रतिवर्ष लगभग 4 हजार डाक्टर तैयार होते हैं। कालेज खोले जा रहे हैं किंतु अतिथियों के भरोसे पढाई चल रही है।इंजीनियरिंग कालेजों में हजारों सीट खाली हैं।मानव विकास को उपेक्षित करके भौतिक विकास केवल भ्रष्टाचार और पिलफिरेज का ही माडल बन सकता है,वह स्थाई और सर्वस्पर्शी विकास नहीं बन सकता न ही ऐसा विकास मानव जीवन में बदलाव ला सकता है। सरकार के अंदर बैठे हुए योजनाकार भी लगभग इसी धारणा के बंधक प्रतीत होते हैं। देश में उच्च शिक्षा तक आने के लिए मजबूत प्राइमरी शिक्षा आवश्यक है वहां से निकलकर ही छात्र उच्च शिक्षा में हाथ आजमा सकता है लेकिन योजनाकारों के मन में यह सवाल ही नहीं उठता कि देश में 2014 में जो 12 लाख 4 हजार शालायें थीं वे घटकर 2022 में 11 लाख 28 हजार कैसे रह गई। जनसंख्या बढ़ रही है और स्कूलें कम हो रही हैं। क्या यह सुशासन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लक्ष्य की पूर्ति करता है?देश भर में 2018-19 की रपट के मुताबिक बंद की गई कुल 60371 स्कूलों में अकेले मध्य प्रदेश में ही बंद की गई 29361 शालायें हैं। क्या इतने बंद स्कूलों की भरपाई 50-55 सीएम राईज स्कूल कर सकते हैं। शायद नहीं। किंतु एक भ्रम जरूर पैदा कर सकते हैं कि कुछ किया जा रहा है। ऐसे अंधेरे भरे वातावरण में कुछ लोग सामुदायिक जिम्मवारी की रोशनी लेकर भी चलते हैं किंतु उनके प्रयास शासकीय तंत्र के पुरुस्कारों का साधन तो बन जाते हैं,किंतु मिशन नहीं बन पाते।मध्य प्रदेश के नरसिंहपुर जिले का एक गांव बघवार भी है जहां हर बच्चा शिक्षित है। सौ प्रतिशत साक्षरता।गांव के सभी लोग मिलकर सीवेज सिस्टम गांव में बनवा चुके हैं।मोदी जी के अभियान के कई साल पहले वे अपने गांव को ओडीएफ (खुले में शौच से मुक्त)कर चुके हैं।प्रदेश के सर्वाधिक वायो गैस प्लांट भी इसी गांव में हैं।जो गांव को कुकिंग गैस और बिजली की आपूर्ति करते हैं।डाक्टर डेफिशिएंट मेडिकल कालेज बनाने वाले फैसलाकार और पढ़ाई से क्या होता है सोचने वाले उन दोनों युवाओं को बघवार जैसे गांव रोशनी दिखाते हैं मगर अंधेरे में ही रहने का फैसला कर चुका समाज उसे पहचाने तो सही।

## राशिफल

मेष राशिः आज आपका दिन उत्तम रहेगा। कुछ लोग आपको कंफ्यूज करने की कोशिश करेंगे। दूसरों की बातों में ना आकर अपने निर्णय को ही सर्वोपरि रखेंगे, इससे आपके कार्य बड़ी ही आसानी से पूरे होंगे। ऑफिस में अपने काम पर ध्यान देनें से आप सम्मान के पात्र बने रहेंगे। इस राशि के जो लोग मार्केटिंग से जुड़े हैं उनको आज ज्यादा लाभ के योग बन रहे हैं।

वृष राशिः आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आप अपने काम पर पूरा फोकस बनाये रखें जल्द ही आपको भविष्य में अच्छा लाभ मिलेगा। आज अपने बिजी शेड्यूल से थोड़ा समय अपने बच्चों के लिए निकालेंगे, बच्चे अपने मन की बात आपसे शेयर करेंगे। लवमेट एक दूसरे के प्रति विश्वास बनाये रखे। रिश्ते में मजबूती बनी रहेगी। छात्रों को आज थोड़ी और मेहनत करने की जरूरत है। सफलता के योग बने हुये हैं।

मिथुन राशिः आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज अपनी बातों से किसी को प्रभावित करने में सक्षम होंगे। आपके द्वारा समाज में किये गये सराहनीय काम को देखकर लोग आपसे कुछ अच्छा सीखेंगे, यह देखकर आपको गर्व महसूस होगा। इस राशि के जो लोग शिक्षण संस्थान से जुड़े हैं उनके लिए आज ज्यादा लाभ के योग बन रहे हैं। स्टूडेंट आज अपने आप पर भरोसा बनाये रखें, जल्द ही आपकी सफलता के योग हैं।

कर्क राशिः आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आपका कोई काम जो आप काफी दिनों से कर रहे थे वह आज पूरा हो जायेगा। साथ ही आप काम करने के नए तरीकों पर विचार करेंगे। आज विद्यार्थियों द्वारा काफी दिनों से की गयी मेहनत का शुभ परिणाम मिलेगा।

सिंह राशिः आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज मानवहित में किये गये सराहनीय कामों के कारण आपको सम्मान मिलेगा। गैर-जरूरी खर्चों पर रोक लगाकर आप बचत करने के बारे में विचार करेंगे। व्यवसायिक गतिविधियां मन मुताबिक तरीके से चलती रहेंगी। अपने काम करने के तरीकों में बदलाव लायेंगे, आत्म विश्वास बनाए रखें। काम से संबंधित अवसर प्राप्त होने के बाद भी उसका फायदा न उठाने की वजह से थोड़ी उलझन में रहेंगे। आज काम पर ध्यान बनाए रखें। जीवनसाथी आज घर के कार्यों को पूरा करने में मदद करेंगे।

कन्या राशिः आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। इस राशि के जो लोग सरकारी नौकरी कर रहे हैं वे लोग अपने काम पर ज्यादा ध्यान दें। आज आप किसी से भी मामले में उलझने से बचे। पब्लिक प्लेस पर अपनी छवि खराब न होने दें। लवमेट के रिश्ते में भी मधुरता बनी रहेगी। आज आपको अपने सेहत का खास ख्याल रखने की जरूरत है। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। व्यापार रोज की अपेक्षा अच्छा चलेगा।

तुला राशिः आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज आपके काम करने के तरीकों से लोग प्रभावित होंगे, लोग आपका अनुसरण करेंगे। आज आप अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाने में सक्षम होंगे। आज किसी से बात करते समय अपनी बातें शेयर न करें। आज आप जिस काम की शुरुआत करेंगे वह आपकी बनाई गयी रूपरेखा के अनुसार समय से पूरा हो जायेगा। अगर आपका कोई कोर्ट से सम्बंधित मामला चल रहा है तो उसके सुलझने की पूरी उम्मीद है।

वृश्चिक राशिः आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज मित्रों से अपने मन की बात शेयर करने से आपके मन को सुकून मिलेगा। इसके साथ ही आपको नई-नई जानकारियां भी हासिल होंगी। आपको किसी रिश्तेदार से शुभ संदेश भी मिल सकता है इससे आपकी खुशी दोगुनी हो जाएगी। आज आपके बिजनेस में ख़ास एग्रीमेंट होगा लेकिन कॉम्पटीशन के दौर में अपने कार्य करने के तरीको में बदलाव करना जरूरी है।

धनु राशिः आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आप अपने निजी कामों पर बाहरी लोगों का दखल न होने दें। आप कोई भी फैसला भावात्मक बातों में आकर न करके गलत फैसलों से बच जायेंगे। आज ज्यादा काम के कारण आपको थकान हो सकती है आपनी छोटो-छोटी परेशानियों का निवारण जल्द ही आप कर लेंगे। घर परिवार में सुखद माहौल रहेगा।

मकर राशिः आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज आप शाम के समय अपने माता-पिता के साथ किसी महत्वपूर्ण टॉपिक पर विचार विमर्श करेंगे, आपको अच्छा सोल्यूशन मिल सकता है। अगर आप किसी काम की शुरुआत करने का विचार कर रहे हैं तो पहले शुभ मुहूर्त देखना अच्छा रहेगा। आपके द्वारा समाज में किये कामों से आपका मान सम्मान बढ़ेगा। आज कोई विश पूरी होने से आपको खुशी मिलेगी।

कुंभ राशिःआज का दिन आपके परिवार के लिए नई खुशियां लेकर आया है। आज आपको किसी अनुभवी से मिली सलाह फायदेमंद साबित होगी। आपने, अपने काम को लेकर जो भी सपने संजोये थे वह आज काफी हद तक पूरे हो जायेंगे। आज स्वयं को साबित करने के लिए बेहतर दिन है। आज घर में सदस्यों के बीच सामंजस्य होने से शांति का माहौल बना रहेगा। आज थोडा समय प्रकृति के सानिध्य में बिताने से आपको फ्रेशनेस महसूस होगी।

मीन राशिः आज का समय आपके लिए अच्छा है। आज आपकी पारिवारिक समस्या हल होगी औए आपके रुके काम में गति आएगी। आज सकारत्मक प्रवृति के लोगों की सलाह आपके लिए फायदेमंद रहेगी। आपकी मेहनत का उचित फल आपको जल्द ही मिलने वाला है। आज आप अफवाहों पर ध्यान न दें अपने काम को बेहतर तरीके से करते रहें।

## तस्वीरों की दुनिया



दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने नई दिल्ली के सिरीफोर्ट स्थित अरुण जेटली पार्क में अरुण जेटली की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की।



पूर्व प्रधानमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य एच डी देवेगौड़ा ने नई दिल्ली स्थित उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की।



राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में हिंदू आध्यात्मिक एवं सेवा फाउंडेशन द्वारा आयोजित साइकिल मैराथन के दौरान साइकिल चलाते हुए।




दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी मार्लेना ने नई दिल्ली स्थित पार्टी कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया।




नागांव जिले के धींग इलाके में 14 वर्षीय 9वीं कक्षा की छात्रा के साथ तीन लोगों द्वारा कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार किए जाने के बाद नागांव सिख समाज के सदस्यों ने विरोध प्रदर्शन किया।



नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर सभी जानवरों की आजादी और पशु अधिकारों की मांग को लेकर कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन



रांची के मोरहाबादी मैदान में युवा आक्रोश रैली के दौरान भाजपा नेता अर्जुन मुंडा और बाबूलाल मरांडी।

# कोलकाता रेप-मर्डर केसः पूर्व प्रिंसिपल का हुआ पॉलीग्राफ टेस्ट, सीबीआई ने पूछे 25 सवाल, आज दोबारा बुलाया

**कोलकता, 25 अगस्त [एजेंसी]।**

महिला डॉक्टर से दरिंदगी की घटना की जांच कर रही सीबीआई ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल डॉ. संदीप घोष पर शिकंजा कस दिया है। शनिवार को पॉलीग्राफ टेस्ट से सच्चाई जानने के लिए केंद्रीय जांच एजेंसी ने डॉ. घोष से 25 सवाल किए और आर्थिक भ्रष्टाचार मामले में उनके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कर ली।डॉ. घोष के अलावा पांच अन्य लोगों का भी पॉलीग्राफ टेस्ट हुआ। घटना के मुख्य आरोपित संजय राय का पॉलीग्राफ टेस्ट शनिवार को नहीं हो सका। सूत्रों के अनुसार डॉ. घोष को रविवार को भी सीबीआई ने बुलाया है और कहा जा रहा है कि उनका फिर से पॉलीग्राफ टेस्ट हो सकता है। पॉलीग्राफ टेस्ट के लिए दिल्ली स्थित केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (सीएफएसएल) से विशेषज्ञों का एक दल कोलकाता आया है।डॉ. घोष के अलावा जिन अन्य का पॉलीग्राफ टेस्ट हुआ है, उसमें संजय राय का दोस्त सौरव भट्टाचार्य और घटना की रात ड्यूटी कर रहे चार जूनियर डॉक्टर शामिल हैं। इन जूनियर डॉक्टरों के साथ महिला डॉक्टर ने घटना वाली रात भोजन किया था, जबकि कोलकाता पुलिस के सिविल वालंटियर सौरव को घटना के एक दिन पहले आठ अगस्त को अस्पताल में संजय राय के साथ देखा गया था। उस दिन सौरव अस्पताल में भर्ती अपने रिश्तेदार को देखने गया था। रात को उसने संजय राय के साथ




शराब पी थी।मालूम हो कि पॉलीग्राफ टेस्ट के समय व्यक्ति द्वारा प्रश्नों के उत्तर देते वक्त एक मशीन की मदद से उसकी शारीरिक प्रतिक्रियाओं को मापकर पता लगाने की कोशिश की जाती है कि वह सच बोल रहा है या झूठ।इसके अलावा सीबीआई ने अस्पताल में वित्तीय भ्रष्टाचार के मामले की जांच भी तेज कर दी है। बंगाल सरकार द्वारा 20 अगस्त को गठित एसआईटी ने मामले से जुड़े सारे दस्तावेज सीबीआई को सौंप दिए। हाईकोर्ट ने शुक्रवार को जांच सीबीआई को सौंपी थी। भ्रष्टाचार की शिकायत को लेकर हाईकोर्ट में दो याचिकाएं डॉ. घोष के पूर्व सहयोगी अख्तर अली व अधिवक्ता सुष्मिता साहा दत्ता ने दाखिल की थीं। न्यायमूर्ति राजर्षि भारद्वाज ने सीबीआई को तीन सप्ताह में प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

अगली सुनवाई 17 सितंबर को होगी। सीबीआई के रिमांड नोट व फोरेंसिक रिपोर्ट में सामूहिक दुष्कर्म का उल्लेख नहींसीबीआई की ओर से सियालदह कोर्ट में मुख्य आरोपित संजय राय की न्यायिक हिरासत के लिए जो रिमांड नोट जमा किया गया था, उसमें सामूहिक दुष्कर्म नहीं, दुष्कर्म व हत्या की बात कही गई है। सूत्रों ने बताया कि रिमांड नोट में नृशंस घटना में एक से अधिक लोगों की संलिप्तता की बात भी नहीं लिखी है। संजय राय के अलावा किसी और आरोपित का उल्लेख नहीं है।घटना की फोरेंसिक रिपोर्ट में भी सामूहिक दुष्कर्म का उल्लेख नहीं है। उसमें लिखा है कि मृतका के गुप्तांग से जो चिपचिपा पदार्थ मिला, वह संजय के डीएनए से मेल खाता है। संजय ने शुक्रवार को अदालत में पेशी के दौरान रोते हुए खुद को निर्दोष बताया था। कोलकाता पुलिस ने जांच के लिए संजय की बाइक भी सीबीआई को सौंप दी है।

## जर्मनी में उत्सव के दौरान चाकू से हमले में तीन की मौत, आठ लोग घायल, इस्लामिक स्टेट ने ली जिम्मेदारी



**सोलिंगन , 25 अगस्त [एजेंसी]।**

जर्मनी के सोलिंगन में शुक्रवार रात एक उत्सव के दौरान चाकूबाजी की घटना में तीन लोगों की मौत हो गई और आठ लोग घायल हो गए। घटना रात करीब 10 बजे हुई। हमलावर ने विशेष रूप से लोगों के गले को निशाना बनाया। अधिकारियों ने आतंकी कृत्य होने से इन्कार नहीं किया है। पुलिस ने शनिवार तड़के एक नाबालिग को हिरासत में लिया है। उस पर हमले की जानकारी होने के बाद भी सूचित नहीं करने का संदेह है, लेकिन वह हमलावर नहीं है। अधिकारियों ने घटना के बाद उत्सव को रद कर दिया है। उधर, इस्लामिक स्टेट (आईएस) ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। आतंकवादी समूह ने अपने टेलीग्राम अकाउंट पर एक बयान में कहा कि यह हमला उसके एक सदस्य ने फलस्तीन और अन्य जगह मुसलमानों पर हो रहे हमलों का बदला लेने के लिए किया था। सोलिंगन के मेयर टिम-ओलिवर कुर्जबैक ने कहा, मैं उन सभी के लिए प्रार्थना करता हूं जो अब भी अपने जीवन के लिए लड़ रहे हैं।

पुलिस ने कहा कि यह हमला शहर की 650वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित एक उत्सव के दौरान हुआ। सोलिंगन उत्तरी राइन-वेस्टफेलिया राज्य में है। राज्य के आंतरिक मंत्री हर्बर्ट रूल ने घटनास्थल का दौरा किया और कहा कि यह लक्ष्य बनाकर किया गया हमला है। जून में जर्मनी के मैनहेम में एक दक्षिणपंथी प्रदर्शन पर हमले के दौरान चाकू लगने से 29 वर्षीय पुलिसकर्मी की मौत हो गई थी।

## महाराष्ट्र के किसानों के लिए खुशखबरी, केंद्र सरकार ने 225 करोड़ रुपये का भुगतान करने का दिया निर्देश



**नईदिल्ली, 25 अगस्त [एजेंसी]।**

केंद्र सरकार महाराष्ट्र के किसानों के लिए खुशखबरी लेकर आई है। केंद्र सरकार ने शनिवार को बीमा कंपनी को महाराष्ट्र के परभणी जिले के लगभग 2 लाख किसानों को 225 करोड़ रुपये तक के लंबित दावों का भुगतान एक हफ्ते के अंदर करने का निर्देश दिया। बता दें कि यह आदेश केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की 21 अगस्त को नांदेड़ में किसानों के साथ बातचीत के बाद आया है, जहां लंबित सोयाबीन फसल बीमा दावों के मुद्दे उठाए गए थे।22 अगस्त को कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने राष्ट्रीय तकनीकी सलाहकार समिति (टीएसी) की बैठक की।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि समिति ने फसल काटने के प्रयोगों पर बीमा कंपनी की आपत्तियों को खारिज कर दिया और लंबित दावों के निपटान का आदेश दिया।बयान में बीमा कंपनी के नाम का खुलासा नहीं किया गया। सेंट्रल टीएसी ने शनिवार को बीमा कंपनी को सात दिनों के भीतर बकाया भुगतान करने का औपचारिक आदेश जारी किया।

इस निर्णय से परभणी जिले के लगभग 2 लाख किसानों को लाभ होगा, जिसका भुगतान 200 से 225 करोड़ रुपये के बीच होगा। नांदेड़ की यात्रा के दौरान परभणी जिले के किसानों ने उन्हें अपनी समस्या के बारे में बताया, जिसके बाद कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कृषि अधिकारियों को समस्या का तुरंत समाधान करने का निर्देश दिया था। त्वरित कार्रवाई से मराठवाड़ा क्षेत्र में प्रभावित किसानों को वित्तीय राहत मिलने की उम्मीद है, ये सोयाबीन की महत्वपूर्ण खेती के लिए जाना जाता है।

# सुनीता विलियम्स की वापसी पर आ गया बड़ा अपडेट नासा ने बताया- कब-कैसे और किससे धरती पर लौटेंगी




**वाशिंगटन, 25 अगस्त [एजेंसी]।**

अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर अगले साल फरवरी में अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से धरती पर लौटेंगे। यह एलान नासा के प्रमुख बिल नेल्सन ने शनिवार को किया। दोनों अंतरिक्ष यात्री इसी साल जून महीने में बोइंग के स्टारलाइनर कैप्शूल से जैसे-तैसे अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचे थे। दरअसल, स्टारलाइनर के 28 थ्रस्टर्स में से पांच खराब हो गए थे। इस वजह से हीलियम का रिसाव भी शुरू हो गया था। बोइंग के खराब स्टारलाइनर की वजह से सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर की पृथ्वी पर वापसी नहीं हो पा रही है। अब नासा बोइंग की प्रतिद्वंद्वी कंपनी स्पेस एक्स के क्रु ड्रैगन को अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन भेजेगा। इसकी चार में से दो सीटों को सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर के लिए खाली रखा जाएगा। उम्मीद है कि स्पेसएक्स के स्पेसक्रॉप्ट से अगले साल फरवरी में दोनों अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी हो जाएगी।पांच जून को सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर ने स्टारलाइनर से उड़ान भरी थी। दोनों अंतरिक्ष यात्रियों को आठ दिनों तक अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर रुकना था। मगर लॉन्च होने के 24 घंटे के भीतर ही स्टारलाइनर में खराबी आना शुरू हो गई। इसी खराबी की वजह से दोनों अंतरिक्ष यात्री वहां फंस चुके हैं।अब नासा अगले महीने स्पेसएक्स के क्रू ड्रैगन को लॉन्च करेगा। इसी स्पेसक्रॉप्ट की मदद से दोनों अंतरिक्ष यात्री धरती पर लौटेंगे। स्टारलाइनर बिना चालक दल के अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से अलग हो जाएगा और अंतरिक्ष यात्रियों के साथ पृथ्वी पर लौटने की कोशिश करेगा।

### नशेबाज पिता ने घर से निकाला, फुटपाथ पर सो रही किशोरी से चायवाले ने किया दुष्कर्म, कचहरी के सामने हुई घटना

**उन्नाव।** पत्नी की मौत के बाद नशेड़ी पति इतना क्रूर हो गया कि 16 वर्षीय बेटी व उससे छोटे बेटे को घर से निकाल दिया। पानी के पाउच बेचकर गुजारा करने वाली किशोरी की रात फुटपाथ पर बीतने लगी। दो दिन पहले कचहरी के सामने चाय दुकान के पास पड़ी बेंच पर सोते समय दुकानदार की नीयत खराब हो गई और किशोरी से दुष्कर्म किया। भाई की तहरीर पर पुलिस ने शहर के केवटा तालाब निवासी आरोपी शैलेंद्र सिंह पर रिपोर्ट दर्ज कर उसे जेल भेजा है। अध्यक्ष बाल कल्याण समिति न्याय पीठ प्रीती सिंह ने किशोरी व उसके भाई को ताई के सुपुर्द किया है। सदर क्षेत्र के एक गांव निवासी 16 वर्षीय किशोरी की मां का कुछ माह पहले निधन हो गया था। किशोरी के अनुसार पिता नशे का आदी है। अक्सर उससे व छोटे भाई से मारपीट करता थ।

## इधर युद्धविराम पर बातचीत, उधर इजरायल ने गाजा में दागी मिसाइल, दो बच्चों समेत 33 की मौत



**काहिरा।** गाजा के दक्षिणी हिस्से में शनिवार को हुए तीन इजरायली हमलों में 33 लोग मारे गए हैं। इनमें से 11 लोग खान यूनिस शहर के एक ही परिवार के हैं। इन मृतकों में दो बच्चे भी शामिल हैं। इनके अतिरिक्त खान यूनिस के नजदीक के दो स्थानों पर 17 और पांच लोग मारे गए हैं। इन्हें मिलाकर गाजा में सात अक्टूबर, 2023 के बाद मारे गए फलस्तीनियों की संख्या बढ़कर 40,334 हो गई है। ये हमले मिस्त्र की राजधानी काहिरा में संघर्ष विराम पर जारी वार्ता के बीच हुए हैं। मिस्त्र, कतर और अमेरिका की मध्यस्थता में हो रही वार्ता में इजरायल और हमास परोक्ष रूप से शामिल हैं। हमास के प्रतिनिधियों का दल शनिवार को काहिरा पहुंचा, लेकिन वह रविवार को होने वाली वार्ता में भी सीधे तौर पर शामिल नहीं होगा। हमास ने मिस्त्र और कतर के वार्ताकारों को अपनी अपेक्षाओं के बारे में बता दिया है, जबकि इजरायली वार्ताकारों का दल गुरुवार से काहिरा में है और वह शर्तों और अपेक्षाओं के बारे में बात कर रहा है। इजरायली दल का नेतृत्व खुफिया संगठन मोसाद के प्रमुख डेविड बर्निया कर रहे हैं। वार्ता में अमेरिकी खुफिया संगठन सीआईए के प्रमुख विलियम बर्न्स भी शामिल हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति के कार्यालय ने कहा है कि गाजा में युद्धविराम के लिए काहिरा में चल रही वार्ता सकारात्मक ढंग से आगे बढ़ रही है।

# देशभर में 768 पार्टी कार्यालय बनाएगी भाजपा जेपी नड्डा ने किया ऐलान, 96 दफ्तरों पर काम जारी

**पणजी, 25 अगस्त [एजेंसी]।**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को कहा कि भाजपा ने देशभर में पार्टी के 768 कार्यालय बनाने की योजना बनाई है। इनमें से 563 कार्यालय बनकर तैयार हो चुके हैं। नड्डा पणजी के पास गोवा भाजपा मुख्यालय के शिलान्यास समारोह में शामिल होने वाले थे, लेकिन उन्होंने वीडियो संदेश के जरिये समारोह को संबोधित किया। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मुख्यालय का शिलान्यास किया। सावंत ने कहा कि नई इमारत दिसंबर 2026 तक बनकर तैयार हो जाएगी। नड्डा ने कहा, केंद्र में सरकार बनाने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सरकार और पार्टी संगठन से जुड़े कई अहम फैसले लिए। प्रत्येक राज्य की राजधानी में भाजपा मुख्यालय और हर जिले में पार्टी कार्यालय स्थापित करना मोदी- शाह द्वारा लिए गए प्रमुख निर्णयों में से एक था। नड्डा ने कहा, पार्टी ने 768 कार्यालय बनाने का फैसला किया, जिनमें से 563 पहले ही पूरे हो चुके हैं। 96 कार्यालयों पर काम चल रहा है। नड्डा ने उस समय को याद किया जब 2014 के लोकसभा चुनावों से पहले जून 2013 में गोवा में भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक हुई थी। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया गया था। उस बैठक के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं ने मेहनत की, जिसके कारण 2014 में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार सत्ता में आई।फडणवीस ने कहा, भाजपा नेता के लिए पार्टी कार्यालय घर जैसा होता है। मुझे वैसी ही खुशी महसूस हो रही है, जैसी किसी को अपने घर की आधारशिला रखते समय होती है।

## बिना अनुमति के पेड़ की छंटाई करने पर वन विभाग ने दिल्ली पुलिस पीसीआर पर लगाया एक लाख रुपये का जुर्माना

**नई दिल्ली 25 अगस्त।** मंगोलपुरी स्थित ओल्ड पुलिस स्टेशन काम्पलेक्स में बिना अनुमति के एक पेड़ के काटने व दो पेड़ों की छटाई करने पर वन विभाग ने दिल्ली पुलिस पीसीआर पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। उप वन संरक्षक (उत्तरी) ने तीस दिन के अंदर जुर्माना राशि जमा करने का आदेश देते हुए पेड़ काटने के बदले पांच पौधे लगाने का आदेश दिया है।इस मामले में दिल्ली पुलिस उपायुक्त पीसीआर ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) में रिपोर्ट में दाखिल करके पेड़ काटे जाने के तथ्य को स्वीकार किया और कहा कि यह जानबूझकर नहीं किया गया है। यह भी कहा कि पेड़ काटने की कार्रवाई की बात अधिकारियों की जानकारी में नहीं थी। डीसीपी पीसीआर ने कहा कि ठेकेदार द्वारा पेड़ों की गलती से कटाई की गई।रिपोर्ट में डीसीपी पीसीआर ने कहा कि प्रदूषण को लेकर दिल्ली पुलिस सजग है और पेड़ काटे जाने के तथ्य की जानकारी मिलने पर सभी कर्मचारियों को परिवारजन के जन्मदिन पर पेड़ लगाने को लेकर प्रोत्साहित किया गया है।

# त्रिपुरा में बाढ़ से 15 हजार करोड़ रुपये का नुकसान, 1.28 लाख लोगों ने ली राहत शिविरों में शरण

**अगरतला, 25 अगस्त [एजेंसी]।**

त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने शनिवार को कहा कि राज्य में बाढ़ से 15,000 करोड़ रुपये मूल्य के नुकसान का अनुमान है। अधिकारियों ने बताया कि बाढ़ के कारण सोमवार से अब तक 24 लोगों की मौत हो गई है। 1.28 लाख लोगों ने राहत शिविरों में शरण ली है। सर्वदलीय बैठक के बाद साहा ने कहा, अनुमानित नुकसान 15,000 करोड़ रुपये पहुंच सकता है। वास्तविक नुकसान के आकलन के बाद आंकड़ा बढ़ सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सर्वदलीय बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने कठिन समय में मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता जताई। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि खाद्यान्न और ईंधन का पर्याप्त भंडार है।



सरकार महंगाई रोकने के लिए बाजारों पर कड़ी नजर रखेगी। इस बीच आईएएनएस के अनुसार त्रिपुरा में बाढ़ की स्थिति में शनिवार को सुधार हुआ। अधिकांश नदियां खतरे के निशान से नीचे बह रही हैं। एएनआइ के अनुसार वायुसेना ने हेलीकाप्टरों से आपदाग्रस्त क्षेत्रों में फंसे स्थानीय लोगों के लिए चार हजार से अधिक खाद्य पैकेट गिराए। बांग्लादेश में बाढ़ से मरने वालों की संख्या 18 हो गई है। देश के 64 जिलों में से 11 में बाढ़ के कारण लगभग 49 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने गैर सरकारी संगठनों, लोगों से राहत कार्य में मदद करने का आग्रह किया है।

इस बीच बाढ़ प्रभावित लोगों की सहायता के लिए ढाका विश्वविद्यालय के निकट प्रसिद्ध स्मारक स्थल पर स्थानीय बैंड और संगीतकारों ने परफॉर्म किया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों लोग जुटे। कार्यक्रम संचालक ने लोगों से बाढ़ प्रभावित लोगों की सहायता के लिए दान देने का आग्रह किया।

# दिल्ली में रुक-रुककर बारिश होने से बढ़ी उमस, दो दिनों के लिए येलो अलर्ट

**नईदिल्ली, 25 अगस्त [एजेंसी]।**

शनिवार को दिल्ली के कई इलाकों में रुक-रुक कर हल्की वर्षा हुई। लेकिन पिछले दिन के मुकाबले तापमान में 4.4 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई। इस वजह से उमस भरी गर्मी महसूस की गई। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को आकाश में बादल छाए रहेंगे। कई इलाकों में गरज के साथ हल्की वर्षा हो सकती है। 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चल सकती है। अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है।सोमवार को भी मौसम ऐसा ही बना रहेगा। मौसम विभाग ने मंगलवार व बुधवार के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इस वजह से उन दोनों दिन हल्की से मध्यम स्तर की वर्षा हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली में अधिकतम तापमान 35.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई, जो सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस अधिक है। न्यूनतम तापमान 25.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जो सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस कम है। सुबह साढ़े आठ बजे से रात साढ़े आठ बजे के बीच पूसा के पास 7.5 मिलीमीटर, पीतमपुरा में 4.5 मिलीमीटर, दिल्ली विश्वविद्यालय व रिज एरिया में एक मिलीमीटर वर्षा हुई। एक दिन पहले दिल्ली का अधिकतम तापमान 31.2 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 26.5 डिग्री सेल्सियस था। एनसीआर में शनिवार को प्रदूषण के स्तर में थोड़ी बढ़ोतरी होने से एयर इंडेक्स 100 के पार पहुंच गया। इस वजह से दिल्ली में 27 दिन बाद हवा की गुणवत्ता संतोषजनक श्रेणी से मध्यम श्रेणी में पहुंच गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार रविवार को एयर इंडेक्स एक बार फिर 100 के नीचे आ सकता है।



इस वजह से अगले तीन दिन हवा की गुणवत्ता संतोषजनक श्रेणी में रह सकती है। सीपीसीबी द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली का एयर इंडेक्स 106 दर्ज किया गया। इसके एक दिन पहले दिल्ली का एयर इंडेक्स 76 था। एनसीआर के शहरों में फरीदाबाद का एयर इंडेक्स 124, गाजियाबाद का 101, ग्रेटर नोएडा का 176, गुरुग्राम का 108 व नोएडा का एयर इंडेक्स 121 दर्ज किया गया, जो मध्यम श्रेणी में है।

## अबूझमाड़ में अब गोली नहीं गोल जहां सड़क नहीं, वहां फुटबॉल का शोर

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित अबूझमाड़ क्षेत्र में, जहां गोलियों की तड़तड़ाहट गूंजती थी, अब फुटबॉल का शोर सुनाई देने लगा है। गोली की जगह अब दनादन गोल किए जा रहे हैं। देश भर की टीमें यहां आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने आ रही हैं।पिछले चार माह में ही अखिल भारतीय फुटबॉल फेडरेशन (एआईएफएफ) की ओर से दो राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की मेजबानी रामकृष्ण मिशन आश्रम नारायणपुर कर चुका है। दुर्गम अबूझमाड़ ने इस तरह से प्रतियोगिताओं की सफल मेजबानी कर अब देश के फुटबॉल मानचित्र पर दमदार दस्तक दी है। प्रतियोगिताओं की सफलता से उत्साहित एआईएफएफ ने पुरुषों की अंडर-20 राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप के अगले दो संस्करण की मेजबानी भी रामकृष्ण मिशन आश्रम को दी है। छत्तीसगढ़ फुटबॉल फेडरेशन के साथ एआईएफएफ का यह समझौता आदिवासी बहुल बस्तर में खिलाड़ियों की नई पौध तैयार करने में सहायक सिद्ध होने वाला है।बता दें कि नारायणपुर जिला मुख्यालय एक छोटा कस्बा है। धीरे-धीरे यह क्षेत्र फुटबॉल की नर्सरी के रूप में देश के राष्ट्रीय नक्शे पर उभर रहा है। इस वर्ष राष्ट्रीय शालेय सुब्रतो कप फुटबॉल स्पर्धा के लिए इसी आश्रम की बालक व बालिका फुटबॉल टीम ने खेलने की पात्रता प्राप्त की है। अकादमी के खिलाड़ी अभिषेक कुंजाम देश के प्रतिष्ठित फुटबॉल क्लब ईस्ट बंगाल से खेल रहे हैं।रामकृष्ण मिशन फुटबॉल अकादमी (आरकेएम) की टीम अगले माह इंडियन लीग खेलने मिजोरम जा रही है। कप्तान सुरेश ध्रुव अतिसंवेदनशील गांव गट्टाकाल के निवासी हैं। उनके गांव में सड़क, बिजली, पानी की सुविधा अब तक नहीं पहुंची है।

# सफाई के बाद भी बाथरूम से आती है गंदी बदबू, तो जरूर करें ये काम



घर की खूबसूरती को बरकरार रखने के लिए हर एक चीज का ध्यान रखना बहुत जरूरी होता है. ऐसे में अगर बाथरूम को साफ करने के बाद भी अगर बाथरूम से बदबू आ रही है, तो यह एक परेशानी का विषय है. लेकिन अब आपको चिंता करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बताएंगे, जिनकी मदद से आप बाथरूम की बदबू को कम कर सकते हैं.

**बाथरूम की बदबू को ऐसे करें कम**

बाथरूम की बदबू को कम करने के लिए सबसे पहले आप बदबू आने का कारण पता करें. इसके लिए आप बाथरूम की नाली को अच्छे तरीके से साफ करें. कई बार बाथरूम की नाली में कचरा, साबुन और छोटे पैकेट जमा हो जाते हैं, जिससे पानी निकल नहीं पता है और फिर बदबू फैलने लगती है.

**बाथरूम की हर जगह की जांच करें**

इसके अलावा आप टॉयलेट सीट, टैंक, शावर बाकी चीजों को भी अच्छी तरीके चेक कर ले. अगर आपको लगता है कि टॉयलेट सीट या टैंक से बदबू आ रही है, तो आप वहां पर कुछ बूंद सिरका और नींबू की डालकर अच्छे से साफ कर सकते हैं. बाथरूम की दीवारों को चेक करें, नमी वाली जगह पर फफूंदी लगने से भी बदबू आ सकती है. आप मार्केट में मौजूद प्रोडक्ट का इस्तेमाल कर सकते हैं.

**बाथरूम की बदबू को कम करने के लिए घरेलू नुस्खे**

बाथरूम की बदबू को कम करने के लिए आप कुछ घरेलू नुस्खे अपना सकते हैं, जैसे सरका एक नेचुरल डिटर्जेंट है, जो बदबू को कम करने में मदद करता है. ऐसे में आप सिरके के पानी से पूरी बाथरूम में स्प्रे कर सकते हैं. आप बेकिंग सोडा का भी इस्तेमाल कर सकते हैं.

बदबू को भगाने के लिए बेकिंग सोडा एक उपयोगी माना गया है. इसे भी आप स्प्रे बोतल में भरकर पूरी बाथरूम में स्प्रे कर सकते हैं. आप ताजे नींबू का भी इस्तेमाल कर सकते हैं. नींबू पानी को एक स्प्रे बोतल में भरकर आप बाथरूम में स्प्रे कर सकते हैं.

**लौंग का इस्तेमाल**

इसके अलावा लौंग एक तेज खुशबू वाली होती है. आप बाथरूम में कुछ लौंग के टुकड़े रख सकते हैं. इससे बदबू कम आएगी. इसके अलावा आप सोडे का इस्तेमाल भी कर सकते हैं. सोडे को आप नाली में डाल दें. इससे बदबू कम होगी. यही नहीं बाजार में मिलने वाले कई रूम फ्रेशनर का भी आप इस्तेमाल कर सकते हैं.

आप बाथरूम में एग्जॉस्ट फैन भी लगवा सकते हैं, इससे भी बदबू बाहर नहीं आएगी. बाथरूम में लगी खिड़की को खुला रखें. आप बाजार में मिलने वाले फिनाइल, हार्पिक, फ्रेगनेंस वाला लिक्विड, एयर पॉकेट जैसी चीजें इस्तेमाल करें. इससे भी बाथरूम की बदबू बाहर नहीं आएगी. आप इन सभी टिप्स को अपनाकर आसानी से बदबू से छुटकारा पा सकते हैं.



## जन्माष्टमी पर बच्चे का श्रृंगार करते वक्त ध्यान में रखें ये बातें

जन्माष्टमी भगवान कृष्ण को समर्पित पर्व है, जिसे उनके जन्म के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इस दौरान बच्चों को श्री कृष्ण की तरह तैयार करती हैं। यदि आप अपने बच्चे को श्रीकृष्ण की तरह तैयार कर रहे हैं, तो कुछ बातों का खास ध्यान रखना बहुत जरूरी है। छोटे बच्चों की त्वचा बहुत नाजुक होती है, और थोड़ी सी भी लापरवाही से उनके चेहरे या त्वचा पर दुष्प्रभाव हो सकता है। यहां कुछ सावधानियां दी गई हैं जिन्हें ध्यान में रखकर आप अपने बच्चे को सुरक्षित रूप से तैयार कर सकते हैं।

बच्चे के चेहरे पर कोई भी मेकअप लगाने से पहले यह सुनिश्चित करें कि वह सुरक्षित और प्राकृतिक हो। केमिकल युक्त मेकअप से बचें, क्योंकि यह बच्चे की नाजुक त्वचा को नुकसान पहुंचा सकता है। नैचुरल और ऑर्गैनिक प्रोडक्ट्स का चयन करें, जैसे कि हल्दी और चंदन, जो बच्चे की त्वचा के लिए सुरक्षित होते हैं। बच्चे के चेहरे पर मेकअप की मोटी परत लगाने से बचें। यह उनकी त्वचा को सांस लेने में कठिनाई कर सकता है, जिससे त्वचा में जलन या रैशेज हो सकते हैं।

मेकअप हटाते समय नरम और जेंटल क्लेंजर का उपयोग करें। कोई भी प्रोडक्ट जिसे आप इस्तेमाल कर रहे हैं, वह हाइपोएलर्जेनिक हो और बच्चे की त्वचा के लिए सुरक्षित हो। मेकअप हटाने के बाद बच्चे के चेहरे को हल्के हाथों से गुनगुने पानी से धोएं और फिर नरम तौलिए से पोछें।

भगवान कृष्ण की वेशभूषा में अक्सर कृत्रिम रंगों का उपयोग किया जाता है। ये रंग बच्चे की त्वचा के लिए हानिकारक हो सकते हैं, इसलिए कृत्रिम रंगों का उपयोग करने से बचें। अगर आप रंगीन सजावट चाहते हैं, तो प्राकृतिक रंगों का ही चयन करें।

## फ्लोरल आउटफिट पहन एक्ट्रेस शरवरी वाघ ने शेयर किया बोल्ड लुक, अदाएं ऐसी कि दिल हार गए फैंस



बॉलीवुड एक्ट्रेस शरवरी वाघ आए दिन अपनी लेटेस्ट तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं। उनक लेटेस्ट लुक सोशल मीडिया पर आते ही फैंस के बीच वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना लुक देखकर फैंस एक बार फिर अपने होश खो बैठे हैं।

एक्ट्रेस शरवरी वाघ सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और वो आए दिन अपने लेटेस्ट लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस के बीच छा जाती हैं।

अब हाल ही में एक्ट्रेस शरवरी वाघ ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की बेहद ग्लैमरस तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से हैरत में पड़ गए हैं।

एक्ट्रेस की इन फोटोज में आप देख सकते हैं एनिमल प्रिंट लुक में वनपीस ड्रेस पहना हुआ है। वो अपने इस लुक में बेहद ही गॉर्जियस नजर आ रही हैं।

शरवरी वाघ की इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस आउटडोर फोटोशूट करवा रही हैं। फोटोशूट के दौरान एक्ट्रेस कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक किलर पोज देती हुई नजर आ रही हैं।

खुले बाल, लाइट मेकअप लुक और साथ ही न्यूड शेड लिप्सटिक लगाकर एक्ट्रेस शरवरी वाघ ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।

बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनके लुक्स पर अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। हालांकि इन फोटोज में भी आपको ऐसा ही देखने को मिल रहा हैं।एक यूजर ने एक्ट्रेस की इन फोटोज पर कॉमेंट करते हुए लिखा है सो हॉट एंड गॉर्जियस। वहीं, दूसरे यूजर ने लिखा है- सिंपल एंड एलिगेंट। तीसरे यूजर ने लिखा है- गजब कहर ढा रही हो।

## एनिड ब्लाइटन की सीक्रेट सेवन से एक्टर मानुषी छिल्लर को है खास लगाव




अभिनेत्री और मिस वर्ल्ड रहीं मानुषी छिल्लर एनिड ब्लाइटन की सीक्रेट सेवन को मीनिंगफुल गिफ्ट मानती हैं। छिल्लर ने इंस्टाग्राम में इसे साझा करते हुए लिखा कि इंग्लिश राइटर्स उनके बचपन का अभिन्न अंग रहे हैं।

मानुषी ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर किताब के साथ एक तस्वीर शेयर की। कैप्शन में उन्होंने लिखा, कुछ यादें फिर से जीने लायक होती हैं, एनिड ब्लाइटन मेरे बचपन का एक बड़ा हिस्सा थीं, हाल ही में मुझे मिला सबसे सार्थक उपहार।

बता दें कि किताब बच्चों के एक काल्पनिक समूह सीक्रेट सेवन की कहानी है। ये बाल जासूसों पर आधारित है। इसमें पीटर ग्रुप का मुखिया है और अन्य सदस्य पीटर की बहन जेनेट, पाम, बारबरा, जैक, कॉलिन और जॉर्ज हैं। मानुषी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। 22 अगस्त को ही मानुषी ने अपने कई मूड्स इंस्टाग्राम पर शेयर किए। बताया कि कैसे पूरे दिन का अंत उन्होंने पसंदीदा भोजन यानि मुंबई के भेलपुरी के साथ किया। मानुषी ने अपनी वैनिटी वैन में खीची गई मिरर सेल्फी भी शेयर की।उन्होंने लिखा, नकली चोट, कई मूड और इसे अपने पसंदीदा भोजन के साथ समाप्त करना।मानुषी ने अपनी करियर की शुरूआत चंद्रप्रकाश द्विवेदी द्वारा निर्देशित ऐतिहासिक ड्रामा सम्राट पृथ्वीराज से हिंदी सिनेमा में की। अक्षय कुमार ने इसमें पृथ्वीराज चौहान का किरदार निभाया था।इसके बाद उन्हें विक्की कौशल अभिनीत द ग्रेट इंडियन फैमिली में देखा गया, जिसे विजय कृष्ण आचार्य ने निर्देशित किया था। दो साल बाद, उन्होंने वरुण तेज के साथ हिंदी-तेलुगु द्विभाषी एक्शन ड्रामा फिल्म ऑपरेशन वेलेंटाइन में अभिनय किया।

उनका सबसे हालिया काम अली अब्बास ज़फ़र की साइंस फिक्शन एक्शन फिल्म बड़े मियाँ छोटे मियाँ थी जिसमें अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, पृथ्वीराज सुकुमारन, अलाया एफ और सोनाक्षी सिन्हा मुख्य भूमिका में थे।मानुषी की अगली फिल्म एक्शन थ्रिलर तेहरान है जिसमें जॉन अब्राहम मुख्य भूमिका में हैं और इसका निर्देशन अरुण गोपालन कर रहे हैं।

# मेंटल हेल्थ खराब होने से पहले दिखने लगते हैं 5 संकेत, इग्नोर न करें, तुरंत पहुंचे डॉक्टर के पास



भागदौड़ भरी जिंदगी और काम का तनाव मेंटल हेल्थ बिगाड़ने का काम कर रहा है. यही कारण है कि मानसिक समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं. हर उम्र के लोग इससे जूझ रहे हैं. हालांकि, मेंटल हेल्थ से जुड़ी बीमारियां अचानक से नहीं होती हैं,इसके कुछ शुरुआती संकेत मिलते हैं. अगर इन्हें समय पर पहचान लिया जाए तो आसानी से बचा जा सकता है. ऐसे में जानिए 5 ऐसे संकेत जो बताते हैं कि आपकी मेंटल हेल्थ खराब हो रही है...

**ध्यान केंद्रित करने में परेशानी**

अगर ध्यान केंद्रित करने, फैसले लेने या किसी काम को करने में परेशानी आ रही है तो सावधान हो जाइए, क्योंकि ये मेंटल हेल्थ खराब होने के संकेत हो सकते हैं. यह भूलने की बीमारी है. अगर शुरुआत में डॉक्टर की मदद ले ली जाए तो सुधार हो सकता है.

**डिप्रेशन**

डिप्रेशन अगर कंट्रोल में है तो ठीक है, वरना स्थिति गंभीर हो सकती है. डिप्रेशन हावी होने से कई तरह की समस्याएं हो सकती हैं. ये मेंटल हेल्थ बिगड़ने के संकेत हैं. ऐसी कंडीशन में डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए.

**नींद न आना**

अनिद्रा की वजह से हर समय थकान रहती है. इससे शरीर में आलस आता रहता है. नींद पूरी न होने से मेंटल हेल्थ की समस्याएं हो सकती हैं. सोने में परेशानी हो तो जितना जल्दी हो सके डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए, ताकि इससे बचा जा सके.

**तनाव-चिंता**

अगर हर दिन किसी चीज को लेकर चिंता बढ़ रही है और तनाव परेशान कर रहा है तो यह मेंटल हेल्थ खराब होने के संकेत हैं. शरीर के इस इशारे को समझना चाहिए. इससे बचने के लिए खुद पर कंट्रोल करना चाहिए. तुरंत जाकर डॉक्टर से मिलना चाहिए.

**अकेलापन महसूस होना**

जब तनाव बहुत ज्यादा बढ़ता है तो घर-परिवार, रिश्तेदार और दोस्त से दूरी बनने लगती है. अगर आप अकेला महसूस कर रहे हैं तो इसे अनदेखा न करें. यह मेंटल हेल्थ बिगड़ने का संकेत है. अकेलापन चिंता बढ़ा सकता है. ऐसे में तुरंत जाकर एक्सपर्ट्स से सलाह लेनी चाहिए.

## बार-बार होती है शुगर क्रेविंग तो इन टिप्स की मदद से करें कम



शुगर क्रेविंग को कम करने के लिए बैलेंस मील लेना बेहद जरूरी होता है। प्रोटीन, हेल्दी फैट और फाइबर के कॉम्बिनेशन वाला बैलेंस मील ब्लड शुगर लेवल को स्टेबल करता है, जिससे शुगर क्रेविंग काफी हद तक कम हो जाता है। प्रोटीन सोर्स के रूप में आप अंडे, नट्स, लीन मीट या टोफू आदि का इस्तेमाल करें। इसके अलावा, हेल्दी फैट्स के रूप में आप एवोकाडो, नट्स, सीड्स और जैतून का तेल अच्छा विकल्प है। इसके अलावा, आप होल ग्रेन, सब्जियां और फल अवश्य लें। फाइबर रिच होने के कारण आपको लंबे समय तक भरा रखने में मदद मिलती है।

**रहें हाइड्रेटेड** -कभी-कभी हमारा शरीर डिहाइड्रेशन को भूख या क्रेविंग समझ लेता है, जिससे आपको बार-बार शुगर क्रेविंग होती है। इसलिए, इसे कम करने के लिए पूरे दिन पानी पिएं। प्रतिदिन 8-10 गिलास पानी पीने का गोल रखें। इसके अलावा, आप बिना चीनी वाली हर्बल चाय का सेवन कर सकते हैं।

**नेचुरल स्वीटकर का ऑप्शन चुनें**- अगर आपको मीठा खाने का शौक है, तो ऐसे में आप नेचुरल स्वीटनर का इस्तेमाल करना अच्छा माना जाता है। इससे रिफाइंड शुगर की इच्छा कम हो सकती है। हालांकि, आप शहद, मेपल सिरप या स्टीविया का इस्तेमाल सीमित मात्रा में करें। खजूर और ड्राइड फ्रूट्स का इस्तेमाल डिशेज को नेचुरली मीठा करने में मदद करता है। आप इसे थोड़ी मात्रा में लें।

आपको शायद पता ना हो, लेकिन मैग्नीशियम की कमी से शुगर की क्रेविंग बढ़ सकती है, खासकर चॉकलेट की क्रेविंग। इसलिए, अपनी डाइट में मैग्नीशियम इनटेक बढ़ाने की कोशिश करें। आप अपने आहार में पालक, मेवे, बीज और साबुत अनाज जैसे मैग्नीशियम युक्त खाद्य पदार्थ शामिल करें। अगर जरूरी हो तो हेल्थ केयर एक्सटपर्ट से बात करने के बाद मैग्नीशियम सप्लीमेंट लेने पर विचार करें।

## शब्द सामर्थ्य -157

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

**ऊपर से नीचे**

1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।




**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 156 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्मृ | ति | | पा | व | क | | बे | ल |
| | र | ज | नी | च | र | | | टट्टू |
| मु | स्का | न | | न | म | की | न | |
| सा | र | | स | | | ट | ख | ना |
| फि | | अ | जा | य | ब | | रा | जा |
| र | च | ना | | था | ल | | | य |
| | | धि | | र्थ | | स | मा | ज |
| उ | प | कृ | त | | आ | वा | ज | |
| ल्लू | | त | | | ब | ल | रा | म |

# विटामिन बी12 की कमी से शरीर ही नहीं, दिमाग भी कमजोर हो जाता है, आज ही डाइट में शामिल करें ये 4 सुपर फूड्स



विटामिन बी12 शरीर के लिए सबसे जरुरी पोषक तत्व है। विटामिन बी 12 शरीर में कई मुख्य कार्य करता है जैसे कि रेड ब्लड सेल्स का निर्माण, नर्वस सिस्टम को हेल्दी रखना और डीएनए का निर्माण करने में मदद। आइए जानते हैं विटामिन बी12 की कमी को दूर करने के लिए किन फूड्स का सेवन करना चाहिए।

अगर शरीर को जरुरी पोषक तत्व न मिले तो शरीर एकदम से सुखने लगता है। विटामिन बी12 हमारी बॉडी के लिए आवश्यक पोषक तत्व है, जो शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक हेल्थ के लिए भी आवश्यक है। अगर आपके शरीर मे विटामिन बी12 कमी हुई तो यह नर्वस सिस्टम और ब्रेन फंक्शन में गिरावट हो सकती है। जिसके चलते आपको कमजोरी, थकान, मेमोरी लॉस और डिप्रेशन जैसे लक्षण उत्पन्न हो सकते हैं। विटामिन बी12 की कमी का खतरा सबसे ज्यादा शाकाहारी होता है। वो इसलिए यह विटामिन आमतौर पर पशु के उत्पादों में पाया जाता है। लेकिन आप शाकाहारी फूड्स का सेवन करने से विटामिन बी12 की कमी से बच सकते हैं।

**दूध और दूध से बनीं चीजें खाएं**

अगर आप रोजाना दूध का सेवन करते हैं और इसके विभिन्न चीजें जैसे दही, पनीर और छाछ विटामिन बी12 के अच्छे स्रोत होते हैं। अगर आप इनका लगातर सेवन करते हैं तो आप अपने शरीर से विटामिन बी12 की कमी को पूरा कर सकते हैं।

**फोर्टिफाइड अनाज**

फोर्टिफाइड अनाज वो है जिनमें एक्स्ट्रा विटामिन और मिनिरल्स होते हैं। ऐसे में अनाजों में विटामिन बी12 भी शामिल होता है। मार्केट में कई सारे प्रोडक्ट उपलब्ध है जिनमें फोर्टिफाइड अनाज विटामिन बी12 से रिच होते हैं और जो लोग शाकाहारी है उनके लिए सबसे बेहतर ऑप्शन है। रोजाना आप नाशते में फोर्टिफाइड अनाज का सेवन कर सकते हैं।

**सोया प्रोडक्ट्स**

दरअसल, सोया दूध और टोफू में विटामिन बी12 के अच्छे सोर्स पाए जाते है। जो लोग शाकाहारी और वेगन है उनके लिए सोया प्रोडक्ट्स सबसे बेहतर विकल्प है। सोया से बने हुए उत्पादों का सेवन करने से शरीर में विटामिन बी12 की कमी दूर किया जा सकता है।

**न्यूट्रिशनल यीस्ट**

बता दें कि, न्यूट्रिशनल यीस्ट एक फूड सप्लिमेंट है, इसका सेवन करने से विटामिन बी12 की कमी को दूर किया जाता है। यह स्वाद में एकदम चीज जैसा होता है। इसे आप सलाद , पास्ता या अन्य व्यंजनों में मिलाकर खाया जा सकता है। सलाद पास्ता में आप न्यूट्रिशनल यीस्ट का मिलाकर आराम से खा सकते हैं। इसके सेवन से कभी भी विटामिन बी12 की कमी नहीं होगी।

# बलौदाबाजार काण्ड में जांच के बाद विधायक को गिरफ्तार करने के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन



**कोरिया बैकुंठपुर।** राज्य की भाजपा सरकार ने बलौदाबाजार प्रकरण में राजनैतिक द्वेष व दुर्भावनावश भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के निर्वाचित विधायक सहित युवा कांग्रेस एवं एनएसयुआई के जिला अध्यक्षों व कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर विभिन्न धाराओं पर एफ.आई.आर. दर्ज कर गिरफ्तार किये जाने के विरोध पूरे प्रदेश सहित जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन भी किया गया। कांग्रेस पार्टी ने भाजपा सरकार के खिलाफ जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन करते हुए कांग्रेसजनो ने कहा की भाजपा सरकार ने प्रशासन का गलत तरीके से उपयोग करते हुए विपक्ष पर गंभीर हमला कर गिरफ्तारी करवाया गया है।

उक्त घटना की निंदा करते ये हुए कहा कि असली गुनाहगारों को सजा दिलाने की मांग साय सरकार से की है। छत्तीसगढ़ के इतिहास में कि आज तक इस तरीके की घटना नहीं हुई है जिस प्रकार बलौदाबाजा में हिंसा करके आगजनी हुई और कलेक्टर परिसर को एसपी कार्यालय को को जलाया गया। घटना के जिम्मेदार आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए तथा निर्दोषों के साथ गलत ना किया जाए। सरकार से मांग करते हुए कहा की जितनी भी धाराओं को लगाकर विधायक देवेंद्र यादव को गिरफ्तार किया गया हैं और कांग्रेस कार्यकर्ताओं सभी को शून्य करते हुए उनको रिहा किया जाय। कार्यक्रम पर मौजूद जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पूर्व विधायक अंबिका सिंह देव, पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला, पूर्व जिलाध्यक्ष नजीर अजहर, संयुक्त महामंत्री वेदांती तिवारी, वरिष्ठ कांग्रेसी मुख्तार अहमद, महामंत्री बृजवासी तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह, सुरेश सिंह, अनिल जायसवाल, शैलेन्द्र सिंह, चंद्रप्रकाश राजवाड़े, बिहारी राजवाड़े, गणेश राजवाड़े, विजय सिंह,सुमन दुबे, आशू कुजूर, राजीव गुप्ता, प्रवीर भट्टाचार्य, रियाजउद्दीन, सुरेंद्र तिवारी, संगीता रवि राजवाड़े, विकाश श्रीवास्तव, धीरज सिंह, सौरभ गुप्ता, मनीष सिंह, अमित पांडे, लवी गुप्ता, विपुल शुक्ला, मोनू माझी ,शक्त्तर किंडो, संतोष गोयन, विजय चक्रधारी, रामसाय सोरी, संजय खलखो, मोहन यादव, अर्शद इरफान, अमित गुप्ता, सोहन स्वामी, हीरालाल साहू, देवी प्रसाद, मनीष कुमार सिंह, संतकुमार राजवाड़े एवम ऊर्जावान कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गजराज उत्पात से भरतपुर इलाका थर्राया, लोग हलाकान





**जनकपुर।** बीती रात भरतपुर ब्लाक के ग्रामीण क्षेत्र में 11 हाथियों के दल का विचरण करने एवं ग्रामीणों के घरों सहित फसल को नुकसान पहुंचाने से लोगो में दहशत है। हालांकि क्षेत्र में गजराजों की आमद की सूचना मिलते ही वन अमला मौके में पहुंचकर दल के लोकेशन का पता लगाकर ग्रामीणों को सतर्क रहते हुए हाथियों से दूर रहने की सलाह दे रहे है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की देर रात मध्य प्रदेश के सीधी जिला अंतर्गत संजय टाइगर रिजर्व से एम.सी.बी. जिला अंतर्गत गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान के जनकपुर परिक्षेत्र के ग्राम नारायणपुर में 11 हाथियों का दल आ धमका और तीन ग्रामीणों छोटेलाल, राजमणि, धीरसाय के घरों को तोड़कर घर में रखे अनाज को चट कर गए। साथ ही गांव में विचरण और चहल कदमी करते हुए उक्त तीनो ग्रामीणों सहित एक अन्य ग्रामीण के फसल को क्षति पंहुचा दिए है। हालांकि इन गजराजों की चहलकदमी से फसल नुकसान के 04 प्रकरण और मकान क्षति के 03 प्रकरण वन विभाग ने दर्ज कर लिए हैं। वहीं वन अमला इनकी गतिविधियों पर निगरानी बनाए हुए हैं। ग्रामीणों की मानें तो हाथी शुक्रवार को देर रात संजय टाइगर से निकलकर अचानक हमारे गांव नारायणपुर में आ धमके और गांव के छोटेलाल, राजमणि, धीरसाय के मकान की दीवार को तोड़ने लगे, तीनो गांववाले परिवार सहित घर में सो रहे थे पर हाथियों के चिंघाड़ व मकान तोड़ने की आवाज सुनकर घरों से बाहर निकल दूसरे जगह भागकर जान बचाए, जिससे गांव में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। लेकिन गजराजों के चहल कदमी करने से उनकी धान की फसलों को नुकसान पहुंचा है। दूसरे दिन शनिवार को हाथियों का दल गांव के आसपास मौजूद रहने से ग्रामीणों में दहशत बना हुआ है। पार्क परिक्षेत्र अधिकारी जनकपुर राजाराम अपने मातहत वन अमला के साथ मौके पर मौजूद रहकर 11 सदस्यीय हाथियों के दल पर नजर बनाकर निगरानी कर रहे है, तथा उनके मूवमेंट पर नजर बनाए हुए है। वहीं अमला द्वारा ग्रामीणों को सतर्क रहने और हाथियों से दूर रहने तथा जंगल नहीं जाने का समझाइस दे रहे है ताकि किसी तरह की जनहानि न होने पाए।

# भाजपा कार्यालय में सदस्यता अभियान की 2024 की शुरुआत




**कोरिया बैकुंठपुर।** भाजपा जिला कार्यालय बैकुंठपुर में सदस्यता अभियान 2024 की कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमे मुख्य रूप से कार्यशाला प्रभारी लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज,बैकुंठपुर विधायक भईया लाल राजवाड़े, जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण राजवाड़े, देवेंद्र तिवारी सहित भाजपा पदाधिकारी में महिला मोर्चा युवा मोर्चा सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल ने भाजपा द्वारा चलाए जाने वाले सदस्यता अभियान 2024 की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओं के बीच आगामी गतिविधियों को साझा किया गया। अगली कड़ी में कार्यशाला प्रभारी लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज ने कार्यशाला में उपस्थित सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को सदस्यता अभियान से जुड़ी सभी बातों को बारी बारी अवगत कराया। सदस्यता अभियान हेतु प्रभारियों की नियुक्ति की गई साथ ही युवा मोर्चा, बूथ प्रभारी सहित जिला,मंडल के कार्यकर्ताओं को सभी गतिविधियों सहित रूपरेखा से अवगत कराया।

# आवास न बनाने वालों के लिए प्रशासन सख्त

**सूरजपुर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार एवम् कलेक्टर रोहित व्यास व मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू के मार्गदर्शन में जिले के समस्त ग्रामों में लगातार ग्राम सभा आयोजित की जा रही है। उक्त तारतम्य में जनपद पंचायत ओड़गी के ग्राम पंचायत करोटी-बी में ग्राम सभा आयोजित किया गया। जिसमें आगामी दिनों में आवास से लाभान्वित होने वाली परिवारों की दो सूची स्थाई प्रतीक्षा सूची तथा आवास प्लस सूची के क्रमश: 215 तथा 59 परिवारों के पात्रता/अपात्रता का अनुमोदन किया गया। इसके साथ ही वित्तीय वर्ष 2016-23 तक के 46 हितग्राही, जिन्होंने राशि लेने के पश्चात् आवास पूर्ण नहीं कराए है। उनके नामों का वाचन किया गया, 15 दिवस का अंतिम समय दिया गया।

# रेडक्रॉस सोसायटी के महा सचिव राउत ने की समीक्षा

**कोरिया बैकुंठपुर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राज्य रेडक्रॉस के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सह जनरल सेक्रेटरी एम.के. राउत की अध्यक्षता में जिला रेडक्रॉस पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में राज्य रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमेन अशोक अग्रवाल, कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार उपस्थित थे।




बैठक में राज्यस्तरीय जूनियर रेडक्रॉस प्रशिक्षण सह सद्भावना जम्बूरी, जिला शाखा रेडक्रॉस की वर्तमान गतिविधियां, सदस्यता अभियान, रेडक्रॉस दवा दुकान, ब्लड सेंटर, एम्बुलेंस का संचालन, निक्षय मित्र अभियान, प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण एवं स्कूलों और महाविद्यालयों में रेडक्रॉस का गठन के सम्बंध में विस्तार से चर्चा की गई। श्री राउत ने कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी में जनप्रतिनिधियों सहित हाईस्कूल से लेकर कॉलेज के छात्र-छात्राओं को सदस्य बनाने पर जोर दिया ताकि सदस्यों के मन में दुर्घटना व आपदा के दौरान पीड़ितों की सहायता, मानवता और निष्पक्षता की भावना पैदा हो। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग में खासकर नगर सैनिक, यातायात पुलिस, ग्राम पंचायत स्तर पर सचिव, पंच-सरपंच, कोटवारों को प्राथमिक उपचार हेतु प्रशिक्षण देने पर बल दिया। रेड क्रॉस सोसायटी के अंतर्गत शहरी तथा ग्राम पंचायत स्तर पर अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ने के साथ ही उन्हें फर्स्ट एड की जानकारी व रेड क्रॉस से संबंधित कार्यों से अवगत कराने हेतु सम्बंधित अधिकारियों से कहा। श्री राउत ने रेड क्रॉस सोसायटी का बेहतर प्रबंधन करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने रेडक्रॉस सोसायटी अंतर्गत प्रबंध समिति गठित करने और एक राज्य स्तरीय अधिकारी को समिति में नियुक्त करने को कहा। कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने बैठक में जिले में संचालित रेड क्रॉस सोसाइटी के गतिविधियों के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि जिले के 93 शासकीय, अशासकीय हाई व हायर सेकेंडरी स्कूलों में जूनियर रेडक्रॉस प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिले में 210 लोगों को आजीवन सदस्य बनाया गया है। रेडक्रॉस द्वारा संचालित दवा दुकान, ब्लड बैंक के सम्बंध में विमर्श किया गया। बैठक में राज्य रेडक्रॉस सोसायटी के प्रभारी समीर यादव, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर अरुण मरकाम, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह एवं जिला रेडक्रॉस समिति के सदस्य व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## देवरहा समिति का कृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम कल

**कोरिया बैकुंठपुर।** देवरहा सेवा समिति प्रेमाबाग बैकुंठपुर के द्वारा 26 अगस्त सोमवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। समिति के अध्यक्ष शैलेष शिवहरे ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दिन प्रेमाबाग मंदिर परिसर में शाम 6 बजे से मटकी फोड़ का आयोजन किया जाना है जिसमे 10 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के टोलियां के लिए पहला पुरस्कार 3100 रुपये, दूसरा 2100 रुपये, तीसरा 1100 रुपये का नगद पुरस्कार रखा गया है। इसी तरह लड़कियों की टोलियों के लिए पहला पुरस्कार 3100 रुपये , दूसरा पुरस्कार 2100 रुपये और तीसरा पुरस्कार 1100रुपये नगद रखा गया है, साथ ही 18 वर्ष से ऊपर के लड़कों के लिए पहला पुरस्कार 7100 रुपये, दूसरा पुरस्कार 5100 रुपये और तीसरा पुरस्कार 4100 रुपये का नगद पुरस्कार रखा गया है, साथ समिति के द्वारा बताया गया कि एकल प्रतियोगिता के प्रतिभागियों के लिए सान्तवना पुरस्कार भी रखा गया है। प्रतियोगिता के लिए शहर में बैनर पोस्ट लगाया गया और जिन टोलियों को इसमें पंजीयन कराना है। देवरहा बाबा सेवा समिति के सदस्यों से सम्पर्क कर करा सकते हैं।

## भारत बंद के दौरान जबरदस्ती दुकानों को कराया बंद, पुलिस ने किया एफआईआर दर्ज

**सूरजपुर।** एससी-एसटी आरक्षण में क्रीमीलेयर पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफदेश भर के विभिन्न संगठनों ने 21 अगस्त को 'भारत बंद' का आह्वान किया था. इस दौरान सूरजपुर में प्रदर्शनकारियों ने कई दुकानों को जबरन बंद कराए और एनएच-43 को जाम कर दिया था. इस मामले में अब कोतवाली पुलिस ने 15 लोगो से ज्यादा पर एफ आईआर दर्ज किया है. दरअसल, दलित और आदिवासी संगठनों (एससी-एसटी वर्ग) ने गर्त पर पड़े समुदायों के लिए मजबूत प्रतिनिधित्व और सुरक्षा की मांग को लेकर भारत बंद का ऐलान किया था. इस दौरान पूरे देश में प्रदर्शनकारियों ने हो-हल्ला मचाया. तो वहीं सूरजपुर जिला मुख्यालय में नेशनल हाईवे 43 पर चक्काजाम किया गया और साथ ही दुकानों को जबरन बंद कराया गया. इसे लेकर आक्रोशित व्यापारियों ने प्रदर्शनकारियों के खिलाफपुलिस में शिकायत दर्ज कराई है.इस पूरे मामले में कोतवाली सूरजपुर थाना प्रभारी विमलेश दुबे ने बताया कि 15 से अधिक लोगों के खिलाफ स्नढ्ढक्र दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## कलेक्टर के मेंटोर कर रहे हैं जिले के प्राइवेट स्कूलों में निरीक्षण

**सूरजपुर।** विगत दिवस जितेन्द्र कुमार साहू संकुल समन्वयक (शा.बा.उ.मा. विद्यालय सूरजपुर) एवं नवनियुक्त मेंटोर धर्मपाल सिंह (डिविजनल कोऑर्डिनेटर प्रतापपुर) के द्वारा स्थानीय निजी विद्यालय साधूराम विद्या मंदिर (एस.आर व्ही एम.) सूरजपुर वेदान्ता पब्लिक स्कूल सूरजपुर का तथा राम यादव संकुल समन्वयक (संकुल केन्द्र भैयाथान) तथा मेटोर दीपक कुमार साहू (जिला समन्वयक, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना) के द्वारा विकासखंड भैयाथान अन्तर्गत संचालित निजी विद्यालय सरस्वती शिशु मंदिर भैयाथान व नेहरू बाल विद्या मंदिर भैयाथान का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के मध्य सभी विद्यालयों के पाठ्यक्रम व मूलभूत सुविधाओं सहित नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 के तहत् अध्ययनरत् विद्यार्थियों की योजनान्तर्गत शाला त्यागी विद्यार्थियों की जानकारी ली गयी। विद्यालय में अध्ययनरत् विद्यार्थियों को शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है अथवा नहीं, इसका भी संज्ञान लिया गया। ज्ञात हो कि राज्य में नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 के तहत् अध्ययनरत् विद्यार्थियों के बड़े पैमाने में विद्यालय त्याग किया जा रहा था।

# पेट्रोल-डीजल लिया और बिना पैसे दिए भाग रहे व्यक्ति को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सूरजपुर।** ग्राम पण्डोनगर थाना जयनगर निवासी शुभम प्रजापति ने थाना जयनगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि ग्राम मदनपुर एनएच 43 स्थित चौदहा पेट्रोल पंप में यह काम करता है दिनांक 22.08.24 के रात्रि में पेट्रोल पंप में होण्डा अमेज सीजी 15 सीडब्ल्यू 2317 को लेकर एक व्यक्ति आया जो गाड़ी में 20 लीटर पेट्रोल डलवाया और गाड़ी के डिक्की में रखे जरकीन में 50 लीटर डीजल डलवाया और 7122.50 रूपये दिए बिना धोखाधड़ी व छल करके भाग गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 185/24 धारा 318(4) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।



मामले की सूचना पर डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर एम.आर.आहिरे (भापुसे) ने आरोपी की पतासाजी कर जल्द पकड़ने के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व एसडीओपी सूरजपुर नंदिनी ठाकुर के मार्गदर्शन में थाना जयनगर पुलिस मामले की विवेचना कर संदेही अभिषेक मण्डल को पकड़ा एवं पूछताछ पर उसने घटना को अंजाम देना स्वीकार करते हुए बताया कि गाड़ी लेकर विश्रामपुर तरफ से सुभाषनगर जाते समय रास्ते में डिक्की में जेरीकेन में रखा हुआ रखा हुआ डीजल तेल गाड़ी का पहिया अचानक से गड्ढे में पढ़ने से अचानक ढक्कन खुलने से डीजल तेल गिर गया तथा गाड़ी में पीछे लगा नंबर प्लेट टेप से चिपकाया था जो गाड़ी तेज चलाते समय कहीं गिर गया और जरकिन को जंगल में ही फेंक दिया, होण्डा अमेज में सामने तरफ गाड़ी का वास्तविक पंजीकृत नंबर सीजी 15 डीयू 8105 लगा है तथा गाड़ी के पीछे तरफ जानबूझकर दूसरा गाड़ी का फर्जी नंबर प्लेट सीजी 15 सीडब्ल्यू 2317 लगाया था, गाड़ी को सुभाषनगर ले जाकर रिश्तेदार के घर के पास खड़ा करके रखना बताया।

आरोपी के निशानदेही पर होण्डा अमेज वाहन जप्त कर आरोपी अभिषेक मण्डल पिता स्व. प्रदीप मण्डल उम्र 23 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 02 गांधीनगर, थाना गांधीनगर जिला सरगुजा को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी जयनगर निरीक्षक नरेन्द्र सिंह, प्रधान आरक्षक राजेन्दर एक्का, आरक्षक नीरज झा, रवि राजवाड़े, सुरेश तिवारी व सैनिक दीपक मूर्ति सक्रिय रहे।

## 24 घंटे के भीतर 28 स्थाई वारंट किए गए तामील

**बलरामपुर।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलरामपुर के नेतृत्व में स्थाई वारंटियों के धर-पकड़ हेतु जिले के सभी थाना /चौकी में चलाये जा रहे अभियान के तहत 24 घंटे के भीतर 28 स्थाई वारंटी तामील किए गए साथ ही थाना रामानुजगंज में धारा 395, 397 भादवि 25, 27 आर्म्स एक्ट के मामले में 25 वर्षों से फरार चल रहे आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया। बता दें कि पुलिस अधीक्षक बलरामपुर राजेश अग्रवाल ( भापुसे) द्वारा जिला बलरामपुर-रामानुजगंज अन्तर्गत स्थाई वारंटियों के अधिक से अधिक तामिली एवं धर-पकड़ हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र पाण्डेय के नेतृत्व में सम्पूर्ण जिले में अभियान चलाया गया। अभियान के अन्तर्गत 24 घंटे के भीतर जिले में 28 स्थाई वारंटियों को तामील करने में बलरामपुर पुलिस को सफलता प्राप्त हुई है। ज्ञात हो तामिल किए गए स्थाई वारंटियों में थाना रामानुजगंज के अपराध क्रमांक 52/1999 धारा 395, 397 भादवि 25, 27 आम्स एक्ट में लगातार 25 वर्षों से फरार चल रहे आरोपी को थाना रामानुजगंज पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। 25 वर्षों से फरार आरोपी चलितर महरा पुलिस गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार लुक-छिप कर पुलिस को चकमा दे रहा था। आरोपी को रामानुजगंज पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। इसी प्रकार स्थाई वारंटी जसीम खान, निवासी हरिगवां थाना रघुनाथनगर जिसके विरुद्ध जिले के थाना रामचन्द्रपुर 02, थाना सनावल में 01, चौकी डिण्डो में 01, चौकी वाड्रफनगर में 01 कुल 05 मामलों में माननीय न्यायालय द्वारा स्थाई वारंट जारी किया गया था। स्थाई वारंटी जसीम खान, निवासी हरिगवां को कड़ी मसक्कत के बाद चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत गिरफ्तार किया गया है। वारंटी जसीम खान के विरूद्ध थाना रामचन्द्रपुर, थाना सनावल, चौकी डिण्डो, चौकी वाड्रफनगर में ट्रांसफारमर चोरी एवं अन्य प्रकरणों में पुलिस तलास कर रही थी।

# जब कोई काम मन लगाकर करेंगे तो वह अवश्य सफल होगा:साहू

**सूरजपुर।** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय सूरजपुर में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू की अध्यक्षता में चंद्रयान 03 की सफलता के पर्व के रूप में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस ( 23 अगस्त) मनाया गया। इस अवसर पर अंतरिक्ष कार्यक्रम के प्रति बच्चों में जागरूकता के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत प्लेनेटेरियम के माध्यम से अंतरिक्ष कार्यक्रम से बच्चों का परिचय कराया गया। साथ ही इस अवसर पर अंतरिक्ष कार्यक्रम के संबंध में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन कृषि विभाग द्वारा किया गया। जिसमें विद्यालय के कक्षा सातवीं की कु.आरती चौधरी को प्रथम, कु. ज्योति को द्वितीय एवं कु. श्रुति देवांगन को तृतीय स्थान प्राप्त होने पर पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर श्रीमती साहू ने बच्चों को संबोधित करते हुए भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के प्रति बच्चों को जागरूक किया। उन्होंने इसरो के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि आप सभी को अंतरिक्ष कार्यक्रमों के प्रति जागरूक करने एवं आपके इसके प्रति आपके जिज्ञासाओं को शांत करने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि आप सभी यहां मिलने वाले जानकारी से अपने ज्ञान को बढ़ाए और एक दिन आप कल्पना चावला और सुनीता विलियम्स जैसी सफल अंतरिक्ष वैज्ञानिक बनें। साथ ही उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जब कोई काम मन लगाकर किया जाता है तो वह अवश्य सफल होता है। इस अवसर पर उन्होंने सभी को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री राम ललित पटेल ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों में वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करने के लिए यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है उन्होंने आशा की कि सभी बच्चे यहां प्रदान किए जाने वाले जानकारी को पूरे मन से आत्मसात् करते हुए अपने ज्ञान का उन्नयन करेंगे। गौरतलब है कि कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशन में जिले के स्कूली बच्चों को अंतरिक्ष कार्यक्रम के प्रति जागरूक करने एवं उनमें वैज्ञानिक सोंच को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले में समर्थ सूरजपुर कार्यक्रम अन्तर्गत 23 अगस्त से 05 सितंबर तक इमरसिव 3डी 360 डिग्री स्पेस साइंस शो कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसका शुभारम्भ आज अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय सूरजपुर से किया गया।

जिसके अन्तर्गत जिले के सभी विकास खंडों के विभिन्न स्कूलों में प्लेनेटेरियम के माध्यम से अंतरिक्ष कार्यक्रम से बच्चों का परिचय कराया जा रहा है। आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को अंतरिक्ष की गतिविधियों, भारत सहित विभिन्न देशों द्वारा किया जा रहे अंतरिक्ष अभियानों के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर बच्चों को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान परिषद (इसरो) के संबंध में जानकारी देते हुए इसके अभियानों, मंगलयान, चंद्रयान इत्यादि की जानकारी दी गई।

उल्लेखनीय है कि उक्त विद्यालय की छात्रा कु. नंदिनी किंडो ने हाल ही दिल्ली की यात्रा कर राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की थी । आज कार्यक्रम के दौरान कु. नंदिनी ने सभी लोगों के समक्ष राष्ट्रपति भवन की अपनी यात्रा का अनुभव साझा किया।

## मेडिकल कालेज में एमबीबीएस की सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया आरंभ

**अंबिकापुर।** मेडिकल कालेज अंबिकापुर में सत्र 2024 -25 में एमबीबीएस की सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया शनिवार से आरंभ हो गई। पहले चरण में आल इंडिया कोटे की 18 रिक्त सीटों पर प्रवेश होना है। पहले दिन प्रवेश के लिए कोई नहीं आया। रविवार अवकाश के बाद प्रवेश के लिए चयनित विद्यार्थियों के आने की संभावना है। पहले दिन प्रवेश से संबंधित जानकारी के लिए भी कोई अभ्यर्थी नहीं पहुंचा।

## कमरे में लगी भीषण आग

**अंबिकापुर।** शहर के सुभाषनगर के गाइनपारा स्थित जयगुरू कालोनी में शनिवार सुबह गैस चूल्हा व सिलिंडर से अचानक फैली आग ने भीषण रूप ले लिया।

आग लगने की घटना जिस मकान में हुई उसमें दो युवक किराए में रहते हैं। आग से घर के सामान को बचाने के चक्कर में दोनों युवक गंभीर रूप से झुलस गए। दोनों को मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना में घर में रखे राशन, कपड़ा, किताबें, मोटरसाइकिल सहित अन्य सामान जल गए। सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने आग पर काबू पाया। गांधीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत गाइनपारा में प्रदीप गाइन के मकान के एक हिस्से में कोरिया जिला निवासी मुकेश कुमार एवं प्रदीप कुमार रहते हैं। शनिवार सुबह गैस जलाकर कुछ काम कर रहे थे।

# बांगो बांध भरा 93 फीसदी, नदी में छोड़ा गया 24 हजार क्यूसेक पानी

## सुबह तक की स्थिति में बांगों के 5 और बैराज के तीन गेट खोले, एक को ट्रायल में शामिल किया

**कोरबा।** कोरिया मनेंद्रगढ़ में पिछले तीन दिन से हो रही भारी बारिश ने जमकर कहर बरपाया। इसका असर कोरबा जिले में भी हुआ। झगराखाण्ड क्षेत्र से निकलने वाली हसदेव इस दौर में पानी-पानी हो गई। उसके साथ मिलने वाली सहायक नदियों ने भी दबाव की स्थिति बनाई। इसके नतीजन कोरबा जिले में स्थित बहुउद्देशीय हसदेव बांगों बांध परियोजना की प्यास बुझती हुई नजर आ रही है। 93 फीसदी जल भराव के कारण यहां से फिलहाल 24610 हजार क्यूसेक पानी प्रति सेकेण्ड की रफ्तार से नदी में प्रभावित किया गया है। जबकि हसदेव बराज दर्री के 3 गेट से 15 फीट पानी छोड़ा जा रहा है।



लगातार बारिश के कारण हालात अब असहज होते जा रहे है। पड़ोसी जिले के साथ-साथ कोरबा जिले में बारिश ने स्थिति को असामान्य किया है। इस सीजन में पहली बार बांगों बांध से गेट खोलने की नौबत आई। शनिवार की रात तक यहां से 3 गेट के जरिए 18 हजार क्यूसेक पानी हसदेव में छोड़ा गया। जल संसाधन विभाग को उम्मीद थी की बांगों बांध के जलस्तर को समयोजित बनाये रखने के लिए इतना करना काफी होगा, लेकिन यह सही साबित नहीं हुआ। बांध में लगातार आ रहे पानी ने मुश्किले बढ़ाई। इसलिए बांध से और पानी को बाहर करना जरूरी हो गया। आज सुबह दो मौके पर परियोजना के 2 और गेट खोले गये। कुल मिलाकर यहां से 24610 क्यूसेक पानी हसदेव में छोड़ा जा रहा है।

### निचली बस्तियों में परेशानी

बांगों बांध से छोड़े गये पानी हसदेव नदी के जल स्तर को तो बढ़ाया ही, बैराज को भी मुश्किल में डाला। इसलिए यहां से पानी को हसदेव में छोड़ने की कार्यवाही की गई। इसके प्रभाव से मोतीसागरपारा, सीतामणी और ईमलीडुग्गू के कुछ हिस्से चपेट में आये। यह वो क्षेत्र है जहां पर नदी का तट कुछ दुरी पर है, या फिर दूसरे रास्ते से होते हुए बाढ़ का पानी अपनी पहुंच बना लेता है। अतिवृष्टि की स्थिति में ऐसी स्थिति पिछले वर्षों में भी निर्मित हुई और इस बार भी ऐसा हुआ। भारी वर्षा से यहां कुछ मकानों को क्षति हुई। लोगों ने दूसरी जगह पर आश्रय लिया हुआ है।

### समीक्षा के साथ खोलेंगे अतिरिक्ति गेटः ईई

हसदेव बांगों बांध परियोजना के कार्यपालन अभियंता संतोष तिवारी ने बताया कि फिलहाल 5 गेट खोले गये है और यहां से 24610 क्यूसेक पानी नदी में छोड़ा जा रहा है। एक गेट को ट्रायल के लिए खोला गया है। अभी की स्थिति में बांध में 93 फीसदी पानी मौजूद है। स्थिति की समीक्षा के आधार पर आगू और गेट खोलने का निर्णय लिया जायेगा। इससे पहले प्रशासन को अवगत कराया जायेगा।

# आपदा प्रभावितों को रखा जाएगा सेल्टर केंद्र में

**कोरबा।** बांगो बांध और बैराज से नदी में पानी छोड़े जाने के कारण स्थिति पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है निचले इलाकों में समस्याएं पैदा हो रही हैं। प्रभावित लोगों को आश्रय देने के लिए नगर पालिका निगम ने कुछ स्थानों पर शेल्टर केंद्र की व्यवस्था की है। आवश्यकता के आधार पर विभिन्न क्षेत्रों में इनकी संख्या बढ़ाई जाएगी।

नगर पालिका निगम की ओर से बताया गया कि वर्तमान में सीतामढ़ी क्षेत्र में एक शेल्टर केंद्र शुरू किया गया है। आसपास के प्रभावित लोगों को वहां पर व्यवस्था दी गई है। मोती सागर पारा के सामुदायिक भवन में शेल्टर केंद्र की योजना कर ली गई है ताकि बाढ़ का पानी इस इलाके में आने पर प्रभावित लोगों को यहां पर रखा जा सके। नगर निगम के वरिष्ठ स्वच्छता अधिकारी डॉक्टर संजय तिवारी ने बताया कि राताखार क्षेत्र मैं बाढ़ का पानी आने पर प्रभावित लोगों को नजदीक के सामुदायिक भवन में राहत दी जाएगी। सभी जोन स्तर पर इस प्रकार की सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। वर्तमान स्थिति में सिर्फ सीतामढ़ी क्षेत्र में ही हालात विपरीत हैं और इसलिए वहां पर शेल्टर केंद्र को शुरू किया गया है। संबंधित लोगों को अगली स्थिति तक यहां पर राहत उपलब्ध कराई जाएगी। बताया गया कि निगम प्रशासन प्रभावित लोगों की सुविधा को लेकर प्रतिबद्ध है और इस दिशा में काम कर रहा है।

# नेटवर्क गड़बड़ाया, राशन के लिए चक्कर लगाने की मजबूरी

**कोरबा।** ग्राम पंचायत फुलसरी में रहने वाले ग्रामीणों को इन दिनों राशन लेने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। तकनीकी समस्या के कारण ग्रामीणों को दो से तीन दिनों में राशन मिल रहा है। मशीन में आए दिन कुछ न कुछ खराबी हो जाती है,या फिर नेटवर्क की समस्या आ जाती है,जिससे उन्हें परेशानी झेलनी पड़ रही है।

कोरबा के ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी अनाज लेने में आज भी ग्रामीणों को काफी परेशान होना पड़ रहा है। तकनीकी समस्या के कारण जो कार्य कुछ घंटे में पूरा हो जाना चाहिए उसे पूरा करने में दो से तीन दिन का समय लग रहा है। ग्राम पंचायत फुलसरी का ऐसा ही कुछ हाल है।

पूछताछ के दौरान ग्रामीणों ने बताया,कि पॉश मशीन में या तो खराबी आ जाती है,या फिर नेटवर्क की समस्या रहती है,जिससे एक बार में उन्हें राशन नहीं मिलता। राशन लेने के लिए कई बार दो से चार किमी तक आना जाना पड़ता है। फुलसरी गांव की तरह जिले के अन्य पंचायतों में भी इसी तरह की समस्या कायम है।

ग्रामीण क्षेत्र होने के कारण नेटवर्क सही से नहीं आता जिससे मशीन का सर्वर सही ढंग से नहीं चल पाता। इस तरह की समस्या का समाधान जल्द से जल्द करने की जरुरत है ताकी आम जनता को परेशानियों का सामना ना करना पड़ा।

## कूडो खेल में गोल्ड मेडल जीता अजुनी बत्रा ने



**कोरबा।** कूडो भारत की स्टेट लेवल कंपटीशन में अपना जबरदस्त परफॉर्मेंस करते हुए कोरबा की अजूनी बत्रा ने गोल्ड मेडल जीता है। सामाजिक कार्यकर्ता अमृतलाल बत्रा की पोती और सागर बत्रा की पुत्री अजूनी शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद के क्षेत्र में भी सक्रिय भागीदारी करती रही है। उसने अपने समूह की प्रतियोगिता में भाग लेने के साथ कौशल दिखाया और प्रतिद्वंदी को पछाड़ कर पहला स्थान अर्जित किया। खिलाड़ी की सफलता पर परिजनों और शुभचिंतको ने बधाई दी है।

## छात्राओं को किया गया सायकल वितरण



**कोरबा।** स्वामी आत्मानंद स्कूल बालको सेक्टर-3 में शासन की योजना के तहत छात्राओं को सायकल का वितरण किया गया। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य, शिक्षक, छात्र-छात्राएं तथा भाजपा नेताओं सत्येंद्र दुबे व जेएन दुबे की उपस्थिति रही। जिनके करकमलों से छात्राओं को सायकल दिया गया। सायकल मिलने से छात्राओं को अब विद्यालय आने-जाने में कोई परेशानी नहीं होगी।

## सर्पदंश से दो की मौत



**कोरबा।** कोरबा जिला के बांगो पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत शराब के काटने की घटना में दो व्यक्तियों की मौत हो गई। इनमें से 9 वर्ष की बालिका है और दूसरा उम्रदराज। पुलिस ने बताया कि दोनों घटनाएं ग्रामीण क्षेत्र में घटित हुई है। दोनों मृतक अलग-अलग स्थिति में सर्प के काटने की घटना का शिकार हुए हैं। परिजनों को जानकारी मिलने पर वे हरकत में आए और पीड़ितों को अस्पताल ले जाने की व्यवस्था की। एंटी स्नेक वेनम पर भी सर्प के कांटे का जहर कम नहीं हो सका और अंततः पीड़ितों की मौत हो गई। अस्पताल से सूचना प्राप्त होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। पंचनामा की प्रक्रिया पूरी करने के बाद मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार सर्पदंश के मामले में इसका शिकार होने पर झाड़फूंक्क के चक्कर में पड़ने की बजाये सीधे अस्पताल पहुंचकर इलाज कराने की अपील की जा रही है।

# सुबह अभिषेक, दोपहर में फूटेंगी मटकियां, रात्रि को होगा जन्मोत्सव

**कोरबा।** परमावतार भगवान श्री कृष्ण के जन्म का पर्व जन्माष्टमी रोहिणी नक्षत्र में भाद्रपद मास की अष्टमी को सोमवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। कोरबा नगर के साथ-साथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में इस पर को मनाने के लिए तैयारी की जा रही है। सुबह से देर रात्रि तक हर तरफ आयोजन की धूम रहेगी।

जन्माष्टमी उत्सव को खास बनाने के लिए सभी क्षेत्रों में आवश्यक तैयारी की गई है। सुबह लड्डू गोपाल की पूजा अर्चना और अभिषेक के कार्यक्रम होंगे। इसके बाद भजन कीर्तन का सिलसिला शुरू होगा। दोपहर 1ः00 बजे से खिचड़ी भोग के वितरण की व्यवस्था की गई है। जन्माष्टमी उत्सव के लिए सभी मंदिरों में आकर्षक सजावट की गई है और भगवान के जन्मोत्सव की खुशियों को शेयर करने के लिए कई आयाम पर काम किया जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि भाद्रपद मास में भगवान श्री कृष्ण का अवतार ब्रजमंडल की धरती पर हुआ था और उन्होंने धर्म की रक्षा के लिए असुरों का संहार किया इसलिए यह पर्व हमारे लिए विशेष मायने रखता है। कोरबा के सीतामढ़ी स्थित सपतदेव मंदिर में जन्माष्टमी उत्सव को लेकर बेहद अच्छी व्यवस्था की गई है।

शारदा विहार राधा कृष्ण मंदिर में भी जन्माष्टमी पर कार्यक्रम हो रहा है। आयोजक ने बताया कि सुबह 7 से भगवान के अभिषेक की प्रक्रिया शुरू होगी और इसके बाद भजन कीर्तन किया जाएगा। दोपहर में खिचड़ी भोग का वितरण करने के बाद दोपहर 3ः00 से दही हांडी प्रतियोगिता की जाएगी। बच्चों के लिए राधा कृष्ण बनो प्रतियोगिता भी यहां पर संपन्न कराई जाएगी। रात्रि 11 बजे से भगवान का विशेष अभिषेक शुरू होगा और मध्य रात्रि 12 बजे जन्मोत्सव संपन्न होगा।

एनटीपीसी प्रगति नगर स्थित सर्वेश्वर मंदिर के अलावा एचटीपीएस कॉलोनी विद्युत नगर के राधा कृष्ण मंदिर में भी जन्माष्टमी पर उत्सव का आयोजन किया गया है। कोरबा शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी जन्माष्टमी उत्सव को मनाने के लिए व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं।

**पुलिस पार्टी करेगी पेट्रोलिंग**

पुलिस की ओर से बताया गया कि कोरबा में भीड़भाड़ वाली जगह पर व्यवस्था को बेहतर बना रखने के लिए आवश्यक संख्या में बल डेप्लॉय किया जाएगा। भीड़भाड़ पर नियंत्रण रखने के साथ अराजक तत्व पर भी नजर रखी जाएगी। पुलिस पार्टियों को संबंधित क्षेत्र में पेट्रोलिंग करने के लिए निर्देशित किया गया है।





## यहां मटका फोड़ने पर मिलेगा 1 लाख इनाम

**दीपका।** नगर पालिका क्षेत्र दीपका के प्रगति नगर में पिछले 24 वर्षों से लगातार मटका फोड़ महोत्सव का आयोजन सफलता पूर्वक होता रहा है। इसी कड़ी में एक बार फिर 26 अगस्त सोमवार को संध्या 6 बजे से राधा-कृष्ण मैदान में महा मटका फोड़ आयोजन किया गया है, जिसमें अंचल से आने वाले सभी पिरामिड मटका फोड़ टोली के प्रतियोगी भाग लेंगे। मटका फोड़ने वाली टीम विजेता बनेगी, जिसे 1 लाख रूपये की नगद राशि से पुरस्कृत किया जायेगा। इसी तरह इस महोत्सव में भाग लेने वाले सभी प्रतियोगियों को भी पारितोषीक प्रदान किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि प्रगतिनगर का यह महोत्सव काफी आकर्षक भरा रहता है। जिसमें आसपास के तमाम जनमानस महिला-पुरूष, युवक-युवतियां बढ़चढ़कर हिस्सा लेते है एवं भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का भरपूर आनंद उठाते है। आयोजक मंडल ने सभी नगर वासियों से निवेदन है किया है कि 26 अगस्त को आयोजित इस महोत्सव में बढ़चढ़कर हिस्सा ले एवं भगवान श्री कृष्ण से आशिर्वाद प्राप्त कर आनंद उठावें। महोत्सव में अतिथि आसंदी में जहां क्षेत्र के प्रशासनीक एवं एसईसीएल के अधिकारी शामिल होंगे। वहीं राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता व पदाधिकारी भी अपनी उपस्थिति दर्ज करायेंगे।

## डेंगू प्रभावित युवक की मौत

**कोरबा।** बबलू चंद्र नामक एक युवक उपचार के दौरान बिलासपुर में मौत हो गई। कोरबा के मुड़ापार क्षेत्र का रहने वाला था और कुछ दिन पहले डेंगू बीमारी की चपेट में आया था। स्थानीय स्तर पर सर्वे में डेंगू के लक्षण पाए जाने के बाद युवक को उपचार दिया गया। स्थिति में सुधार नहीं होने पर डॉक्टर ने उसे बिलासपुर रेफर कर दिया जहां पर आज सुबह उसने दम तोड़ दिया। जानकारी मिली है कि एक पखवाड़ा पहले ही अस्वस्थता के कारण युवक की मां की मौत हो गई थी और उसके बाद परिजन मुश्किल में थे।

## सांसद ने पर्व की बधाई दी

**कोरबा।** स्थानीय सांसद ज्योत्सना महंत ने नागरिकों को जन्माष्टमी पर्व की बधाई दी है। उन्होंने कहा कि पर्व हमारे जीवन में खुशियां घोलते हैं और उन्हें साझा करने का अवसर देते हैं। सांसद ने कहा कि भगवान कृष्ण ने प्रेम के साथ ही इस बारे में शिक्षा दी कि सज्जन शक्ति की रक्षा करने के साथ हर हाल में दुष्टों का विनाश जरूरी है। यह देश काल और परिस्थिति के लिए अत्यंत आवश्यक है।

## कई रास्तों पर बदहाली

**कोरबा।** शहर के कई रास्तों पर बदहाली के निशान मौजूद है, जिससे आवागमन में समस्या हो रही है। काफी समय से इस तरह के हालात यहां पर बने हुए थे और इसका सुधार करने की मांग की जा रही थी। समय पर ध्यान नहीं देने के कारण हालात और बिगड़ गए। बारिश के मौसम में परेशानियां जिस तरह से बढ़ी हुई हैं, उसमें

## नोटिस से आगे नहीं हो पा रही कार्यवाही

**कोरबा।** वायु और जल प्रदूषण के मामले में छत्तीसगढ़ पर्यावरण विभाग नोटिस और पेनाल्टी से ज्यादा कुछ नहीं कर पा रहा है। नियमों को तोड़ने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। ऐसे में कुल मिलाकर जनस्वास्थ्य के खतरे बढ़ते जा रहे हैं। हाल में ही ढेंगुर नाला के पास डाली गई प्लाईएश की काफी मात्रा नाला में मिल गई जिससे पानी प्रदूषित हो गया। इसे लेकर आसपास के लोगों ने चिंता जतायी।

# पॉवर कंपनी में अभियंताओं की कमी होगी दूर

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन एवं डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी में 41 असिस्टेंट इंजीनयिर ट्रेनी (सहायक अभियंता-प्रशिक्षु) के पदों पर सीमित विभागीय भर्ती परीक्षा के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है।

इसमें पॉवर कंपनी के नियमित पद पर कार्यरत जूनियर इंजीनियर (कनिष्ठ अभियंता) पात्र होंगे। वे अपने नियंत्रणकर्ता कार्यालय में 30 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक(मानव संसाधन) अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि पारेषण एवं वितरण कंपनी के अंतर्गत कनिष्ठ अभियंता के नियमित पद पर कार्यरत कार्मिकों की सहायक अभियंता-प्रशिक्षु (पारेषण में 08 एवं वितरण में 33) के कुल 41 पदों पर सीमित विभागीय परीक्षा हेतु परिपत्र जारी किया गया है। परिपत्र एवं आवेदन का प्रारूप छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी लिमिटेड की अधिकारिक विभागीय वेबसाइट ऊर्जानेट पर उपलब्ध है। परिपत्र की शर्तों के अनुसार आवेदनकर्ता कनिष्ठ अभियंता (पारेषण एवं वितरण) को यू.जी.सी./ ए. आई.सी.टी.ई.से मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान से न्यूनतम इलेक्ट्रिकल/ इलेक्ट्रिकल एण्ड इलेक्ट्रॉनिक्स/ इलेक्ट्रिकल एण्ड इन्स्ट्रू मेंटेशन ब्रांच में चार वर्षीय बी.ई./बी.टेक./बी. एससी. (इंजीनियरिंग) का योग्यताधारी होना चाहिए। इसके अतिरिक्त 30 अगस्त की स्थिति में प्रशिक्षण अवधि को छोड़क़र नियमितीकरण के दिनांक से कनिष्ठ अभियंता (पारेषण-वितरण) के पद पर न्यूनतम पॉच वर्षों की नियमित अर्हकारी सेवा पूर्ण होना अनिवार्य है।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन एवं डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के इच्छुक कनिष्ठ अभियंता (पारेषण एवं वितरण) परिपत्र की विस्तृत शर्तों का अवलोकन कर निर्धारित दिनांक तक अपने नियंत्रणकर्ता कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

# राधा कृष्ण बने बच्चे, मनाया जन्माष्टमी उत्सव



**कोरबा।** ग्रामीण अंचल में आधुनिक संस्कार युक्त शिक्षा प्रदत्त करने को कृत संकल्पित आर्यन पब्लिक स्कूल, हरदी बाजार, गेवरा बस्ती एवं दीपका में कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव भव्य ढंग से मनाया गया।

इस अवसर पर नन्हें-मुन्ने बच्चे कृष्ण एवं राधा के वेशभूषा में तैयार होकर विद्यालय आये। बच्चों का फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित किया गया । साथ ही मटकी एवं बांसुरी सजाओ प्रतियोगिता आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सनातन संघर्ष समिति के जिला संयोजक श्री अजय कुमार दुबे ने बच्चों को कृष्ण जन्माष्टमी के महत्व एवं हमारे सनातन परंपरा में इसके ऐतिहासिकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था की प्राचार्य श्रीमती मंजू अजय दुबे, श्रीमती अतोषी बनर्जी, श्रीमती चंद्रकला राठौर एवं शिक्षक शिक्षिकाओं श्रीमती गोदावरी देवांगन, श्रीमती सोनाली यादव, यशोदा पाटले, संभवी जायसवाल,ईशा यादव, श्रीमती रेवती यादव, श्रीमती सरस्वती साहू श्रीमती आयशा, श्रीमती क्षरोखा कु निदा,कु लक्ष्मी,कु मुस्कान,कु कल्पना आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## एतमानगर व केंदई रेंज में विचरण कर रहे 40 हाथी, बढ़ा खतरा

**कोरबा।** कटघोरा वन मंडल के एतमानगर व केंदई रेंज में 40 हाथी विचरण कर रहे है, जिससे ग्रामीणों को खतरा बढ़ गया। हालांकि वन विभाग द्वारा हाथियों की निगरानी के लिए वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गयी है, जो हाथी प्रभावित गांवों का दौरा कर लगातार निगरानी कर रहे है। बावजूद इसके हाथी उन्हें चकमा देकर आबादी वाले क्षेत्रों में पहुंच जाते है।









स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com